■ आश्विन शुक्ल - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 84 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 17-10-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



4 गुस्सा आपका राजे से, राजस्थान की जनता से धोखा क्यों ? : गहलोत

6 भारत में निर्मित होने लगे हैं रोजगार के करोड़ों अवसर

7 कांग्रेस केवल लूट की गारंटी दे सकती है : नड्डा



**चन्द्रघण्टा**

**पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।**

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम 'चन्द्रघण्टा' है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन आराधन किया जाता है। इनका यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण से इन्हें चन्द्रघणटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग् आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। इनके घण्टे की सी भयानक चण्डध्वनि से अत्याचारी दानव, दैत्य, राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते हैं।

## फर्स्ट टेक

### बिग बॉस का बहुप्रतीक्षित 17वां सीज़न जल्द होगा शुरू

**नई दिल्ली/वार्ता।** बिग बॉस अपने बहुप्रतीक्षित 17वें सीज़न जल्द ही लेकर आ रहा है, जिसका दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि दर्शक उत्साहित हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस 17 पहले ही काफी चर्चा बटोर चुका है। आख़िरकार, यह हिंदी टेलीविजन पर सबसे लंबे समय तक चलने वाले रियलिटी शो में से एक है।

### चीन जा सकते हैं पुतिन

**ताइपे/एपी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह चीन के नेताओं से बीजिंग में मुलाकात कर सकते हैं। उनकी यह यात्रा यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस के लिए चीन के समर्थन को रेखांकित करती है। दोनों देशों ने अमेरिका और अन्य लोकतांत्रिक देशों के खिलाफ एक अनौपचारिक गठबंधन बना लिया है, जो इजराइल-हमास युद्ध से जटिल हो गया है। चीन इजराइल के साथ संबंधों में संतुलन बिठाने की कोशिश कर रहा है। साथ ही वह ईरान और सीरिया के साथ आर्थिक संबंधों में भी तालमेल बना रहा है। पुतिन की यात्रा बुनियादी ढांचे के निर्माण और चीन के विदेशी प्रभाव का विस्तार करने की चीनी नेता शी चिनफिंग की महत्वाकांक्षी 'बेल्ट एंड रोड' (बीआरआई)परियोजना को भी एक प्रकार से उनके समर्थन को दिखाती है।

| | |
|---|---|
| 17-10-2023 सूर्यास्त 6:00 बजे | 18-10-2023 सूर्योदय 6:10 बजे |
| BSE 66,166.93 (-115.81) | NSE 19,731.75 (-19.30) |
| सोना 6,223 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 73,500 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**समानता सूत्र**

हम जाति पूछना बंद करें,
ना पूछे धर्म वर्ग आधार।
मिट जाएगा भेद स्वतः ही,
होंगे सम सबके व्यवहार।
आरक्षण उनको देवें,
जो हैं लाचार दीन बीमार।
जिनको इसका लाभ मिल गया,
छोड़ें परहित में अधिकार।।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग भारत और वियतनाम के हित में : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हनोई/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग भारत और वियतनाम के साझा हितों में है। जयशंकर ने आसियान केंद्रीयता के महत्व को रेखांकित करते हुए क्वाड समूह के योगदान पर प्रकाश भी डाला। जयशंकर चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को वियतनाम पहुंचे थे। उन्होंने वियतनाम की कूटनीतिक अकादमी में 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत' विषय पर अपने संबोधन के दौरान यह टिप्पणी की।

जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' इस बात पर चर्चा की गई कि हिंद-प्रशांत निर्माण क्षेत्र में सहयोग करना हमारे साझा हितों में क्यों है। आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) की केंद्रीयता के महत्व को रेखांकित किया और क्वाड के योगदान पर प्रकाश डाला। '' उन्होंने कहा, ''यह बताया गया कि कैसे भारत और वियतनाम अपनी स्वतंत्र मानसिकता के साथ बहुध्रुवीय और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं।''

अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर चार देशों के समूह क्वाड की रचना की है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबदबे के बीच क्वाड देश रक्षा और ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं।

हिंद-प्रशांत एक भू-जैविक क्षेत्र है जिसमें दक्षिण चीन सागर सहित हिंद महासागर,पश्चिमी तथा मध्य प्रशांत महासागर आते हैं।

भारत, अमेरिका तथा कई अन्य शक्तिशाली देश संसाधन संपन्न क्षेत्र में चीन के बढ़ते कदमों के बीच स्वतंत्र,खुले और समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की जरूरत पर लगातार जोर देते रहे हैं।

चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठानों का निर्माण किया है। चीन का पूर्वी चीन सागर में जापान के साथ भी क्षेत्रीय विवाद है।

# कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई तो तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति जारी रखेगी : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**राजनांदगांव/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि यदि कांग्रेस अगले महीने विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में सत्ता में फिर से आती है तो वह 'तुष्टिकरण' और 'वोटबैंक' की राजनीति जारी रखेगी। राजनांदगांव शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने (रेस्तरां की) खाद्य शृंखला की तरह दिल्ली तक एक 'भ्रष्टाचार शृंखला' बनाई है। उन्होंने कहा, 'भाजपा छत्तीसगढ़ में सत्ता में आई तो हम भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूलेंगे और उन्हें उल्टा लटका कर सीधा करने का काम किया जाएगा।' शाह ने यह भी कहा कि अविभाजित मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य कांग्रेस शासन के दौरान एक 'बीमारू' (पिछड़ा हुआ) राज्य बना हुआ था, लेकिन रमन सिंह के सत्ता में आने (2003 में) के बाद 15 साल में यह एक विकसित राज्य बन गया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने अप्रैल में बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हुई सांप्रदायिक हिंसा को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोला और लोगों से पूछा कि क्या वे चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ फिर से सांप्रदायिक दंगों का केंद्र बने।

यह रैली राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और तीन अन्य भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले आयोजित की गई थी। विपक्षी भाजपा ने बिरनपुर हिंसा में मारे गए भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। साहू राज्य के वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होना है।

मंच पर मौजूद ईश्वर साहू की ओर इशारा करते हुए शाह ने कहा कि वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गयी। उन्होंने कहा, 'हम भुनेश्वर साहू के हत्यारे को सजा दिलाएंगे। हमने उनके पिता को टिकट दिया है।' उन्होंने कहा, 'क्या आप चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ एक बार फिर सांप्रदायिक दंगों का केंद्र बने? भुनेश्वर साहू को न्याय मिलना चाहिए या नहीं? अगर कांग्रेस फिर से सत्ता में आती है, तो वह तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति जारी रखेगी।'

## समलैंगिक विवाह कानूनी मान्यता मुद्दा:

# आज अहम फैसला सुनाएगा उच्चतम न्यायालय



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 10 दिनों की सुनवाई के बाद 11 मई को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि फैसला मंगलवार को सुनाया जाएगा और इसके मुताबिक जानकारी शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपडेट की जाएगी।

# न्यायालय ने महिला को 26 सप्ताह से अधिक का गर्भ गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक विवाहित महिला को उसके 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया क्योंकि उसका भ्रूण स्वस्थ है और एम्स के मेडिकल बोर्ड को उसमें कोई विसंगति नहीं दिखी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि महिला, जो दो बच्चों की मां है, का गर्भकाल 24 सप्ताह से अधिक समय का हो गया है जो चिकित्सकीय गर्भपात की अनुमति की अधिकतम सीमा है और इसके बाद गर्भ गिराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने कहा कि भ्रूण 26 सप्ताह पांच दिन का है और महिला के लिए तत्काल कोई जोखिम नहीं है।

# फ्रांस में बम की सूचना मिलने के बाद स्कूल को खाली कराया गया

**पेरिस/एपी।** फ्रांस के अधिकारियों का कहना है कि जिस स्कूल में पिछले सप्ताह एक शिक्षक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था, उसे बम की सूचना मिलने के बाद खाली कराया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, फ्रांस के राष्ट्रपति ने सोमवार को एक सुरक्षा बैठक के लिए विदेश की अपनी यात्रा योजनाओं में कटौती की है। उत्तरी पास डे क्लाएस क्षेत्र के प्रान्त कार्यालय ने बताया कि पुलिस को अपनी वेबसाइट पर बम की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद अर्रास में स्थित हाई स्कूल को खाली कराने का निर्णय लिया गया। कार्यालय के मुताबिक बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया है। कार्यालय के मुताबिक, जब तक स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं हो जाती तब तक के लिए सभी प्रकार के एहतियाती और सुरक्षा कदम उठाए जा रहे हैं। फ्रांस में चाकू मारने की घटना के बाद आतंकवादी घटनाओं को लेकर दहशत का माहौल है।

# अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन से हो रहा है बड़ा परिवर्तन : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नदी और नहरों के रास्ते जल परिवहन के क्षेत्र की तस्वीर में हो रहे महत्वपूर्ण परिवर्तनों को महत्वपूर्ण बताया है।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन पर लिखे गए एक लेख पर मोदी ने कहा है कि अंतर्देशीय जलमार्ग पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी परिवहन के साधन के रूप में उभर रहे हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल लिखते हैं कि किस तरह 2014 के बाद अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन एक गेम-चेंजर साबित हो रहा है और साथ ही पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी परिवहन के साधन के रूप में उभर रहा है। मोदी ने जनवरी में वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए दुनिया में नदी मार्ग से लंबी अंतर्देशीय क्रूज यात्रा को हरी झंडी दिखायी थी। एमबी गंगाविलास पोत ने इस मार्ग पर 3200 किमी की यात्रा 51 दिन में पूरी की।

राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016 के तहत देश भर में 111 जलमार्गों की पहचान की गयी है। इसकी कुल लंबाई 30 हजार किलो मीटर है। सोनोवाल ने लिखा है कि 2030 तक पोत परिवहन 2030 क्षेत्र के विकास के लिए तैयार -दी मेरीटाइम इंडिया विजन'में माल ढुलाई में इस दशक के अंत तक अंतर्देशीय जलमार्गों से ढुलाई का हिस्सा पांच प्रतिशत तक करने और इन मार्गों से यात्रा करने वालों की संख्या 70 करोड़ से ऊपर पहुंचाने का लक्ष्य है।

# आईसीसी ओलंपिक आंदोलन का स्थाई सदस्य बनना चाहता है

**मुंबई/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2028 ओलंपिक के कार्यक्रम में टी20 क्रिकेट को शामिल करने के बाद ओलंपिक आंदोलन का स्थायी सदस्य बनने पर विचार कर रही है। आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने सोमवार को यह बात कही। क्रिकेट (पुरुष और महिला टी20) को चार अन्य खेलों बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, लैक्रोस (सिक्सेस), स्क्वाश और फ्लैग फुटबॉल के साथ सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र के दूसरे दिन आधिकारिक तौर पर 2028 लॉस एंजिल्स खेल कार्यक्रम में शामिल किया गया। बार्कले ने कहा कि 2028 एलए ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना केवल एक शुरुआत होगी।

# 'दुनिया में 70 करोड़ लोग प्रतिदिन 2.15 डॉलर से भी कम में गुजारा कर रहे हैं'



**नई दिल्ली/वार्ता।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने दुनिया को गरीबी से मुक्त करने का संकल्प दोहराते हुए सोमवार को कहा कि 70 करोड़ से अधिक लोग प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर से भी कम में मुश्किल से गुजारा कर रहे हैं। गुटेरस ने अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर यहां जारी एक संदेश में कहा कि एक अरब से अधिक लोग भोजन, जल , स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी मूल आवश्यकताओं से वंचित हैं। अरबों लोगों को स्वच्छता सुविधा ,

ऊर्जा ,रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा कवच सुलभ नहीं है। इस बीच युद्ध, जलवायु संकट, विशेषकर महिलाओं एवं लड़कियों के साथ भेदभाव और उनके बहिष्कार के कारण संकट गहराता जा रहा है।

गुटेरस ने कहा, गरीबी से मुक्ति हमारे दौर की चुनौती की है लेकिन हम इस चुनौती पर विजय पा सकते हैं। इस महत्वपूर्ण दिवस पर आइए, दुनिया को गरीबी से मुक्त करने का संकल्प दोहरायें।

## इजराइल के जमीनी आक्रमण की आशंका के बीच

# गाजा पट्टी में 10 लाख लोग घर छोड़कर भागे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरुशलम/एपी।** हमास के घातक हमले के बाद इस आतंकवादी संगठन के सरगना के खात्मे के लिए इजराइल द्वारा जमीनी आक्रमण किए जाने की आशंका के मद्देनजर गाजा पट्टी में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि इजराइल के जमीनी हमले से मानवीय संकट बढ़ सकता है।

अमेरिकी युद्धपोतों की मदद से इजराइली बल गाजा सीमा पर तैनात हो गए हैं और उन्होंने युद्धाभ्यास किया जिसे इजराइल ने बताया कि यह आतंकवादी समूह को मटियामेट करने के लिए एक बड़ा अभियान होगा। एक सप्ताह से लगातार किए जा रहे हवाई हमलों से गाजा पट्टी में कई इमारतें जमींदोज हो गयी हैं लेकिन इससे इजराइल पर आतंकवादियों के रॉकेट हमले नहीं रुके हैं।

सात अक्टूबर को शुरू हुआ यह युद्ध दोनों पक्षों के लिए गाजा के पांच युद्धों में से सबसे भीषण है जिसमें दोनों ओर के 4,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 2,750 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है तथा 9,700 घायल हैं। इजराइल के अनुसार, उसके 1,400 से अधिक नागरिकों की मौत हो गयी है तथा बच्चों समेत कम से कम 199 अन्य नागरिकों को हमास ने बंधक बनाया है तथा उन्हें गाजा ले गया है।

अभी गाजा में संयुक्त राष्ट्र के शिविरों में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गयी है और क्षेत्र के सबसे बड़े अस्पताल में काम कर रहे चिकित्सकों को मरीजों का इलाज करने में भारी समस्याएं आ रही हैं क्योंकि उन्हें आशंका है कि जेनरेटरों में ईंधन खत्म होने के बाद इन मरीजों की मौत हो जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन आने वाले दिनों में इजराइल यात्रा पर विचार कर रहे हैं लेकिन अभी यात्रा की कोई पुष्टि नहीं की गयी है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने के लिए एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार इजराइल पहुंचे हैं। वहीं, रोमन कैथोलिक चर्च के यरुशलम में शीर्ष प्रतिनिधि कार्डिनल पिएरबटिस्टा पिज़्ज़ाबाला ने कहा कि वह हमास द्वारा बंधक बनाए गए बच्चों की रिहाई के बदले में उन्हें बंधक बनाने की पेशकश करते हैं। उन्होंने कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया बल्कि एक पत्रकार के काल्पनिक सवाल पर यह प्रतिक्रिया दी।

# हमास का गाजा में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम से इनकार

**गाजा/वार्ता।** फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया कि वह गाजा पट्टी में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम पर सहमत हो गया है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मिस्र को तटीय इलाके में मानवीय सहायता भेजने की अनुमति देने के लिए गाजा में पांच घंटे का युद्धविराम होगा। रिपोर्टों के अनुसार युद्धविराम के तहत गाजा और मिस्र के बीच एकमात्र क्रॉसिंग पॉइंट राफा सीमा पार को गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश तथा संघर्ष क्षेत्र से विदेशियों की निकासी की अनुमति देने के लिए फिर से खोला जाएगा।

# फलस्तीनी आतंकवादियों ने 199 लोगों को बंधक बनाया : इजराइली सेना

**राफा (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइली सेना ने कहा है कि हमास और अन्य फलस्तीनी आतंकवादियों ने गाजा में 199 लोगों को बंधक बना रखा है और यह संख्या पिछले अनुमानों से अधिक है। सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने सोमवार को बताया कि बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या बंधकों की इस संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि ये बंधक किसकी कैद में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से अधिकतर लोगों को गाजा पर शासन करने वाले हमास आतंकवादी समूह ने बंधक बनाया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## गौसेवा व गुरु दर्शन

बेंगलूरु के वर्धमान स्थानकवासी जैन नवयुवक मंडल अक्कीपेट के 200 युवा सदस्यों ने रविवार को मैसूर में विराजित साध्वी मंगलज्योतिजी आदि के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साध्वीश्री ने सभी युवाओं को ज्ञान-ध्यान में आगे बढ़ने की प्रेरणा की। दर्शन के बाद युवाओं ने मैसूर पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित गौशाला में गौ सेवा एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मंडल के कमलेश सालेचा, हितेश काकलिया, पंकज विनायकिया,अरविंद कानूंगा, राजेन्द्र बाफना, महावीर भंसाली, प्रवीण लुंकड़, विकास पारख, अध्यक्ष धर्मेंद्र लुंकड़ आदि ने गौसेवा की तथा अर्थसहयोग दिया।



# बच्चों को समय, समझ और संस्कार दें : मुनि हिमांशुकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ भवन गांधीनगर में विराजित मुनिश्री हिमांशुकुमारजी के सान्निध्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा 'श्रीमान-श्रीमती एमबीबीएस कार्यशाला' का आयोजन किया गया । तेयुप अध्यक्ष रजत बैद ने सभी का स्वागत किया। मुनिश्री हेमंतकुमारजी ने अपने प्रासंगिक वक्तव्य में कहा कि परिवार में श्रीमान श्रीमती के साथ बच्चों की भी अहम भूमिका होती है। परिवार में सदस्यों को एक दूसरे के साथ संवाद करना चाहिए, प्रतिस्पर्धा नहीं। बड़े सदस्य छोटों के प्रति वात्सल्य भाव रखें और छोटे सदस्य बड़ों के प्रति विनय का भाव रखें, इससे परिवार सुखी और स्वस्थ रह सकता है। माता पिता अपनी संतान को इतना योग्य बनाए कि वह समाज की अग्रिम पंक्ति में बैठने के लायक बन पाए और बच्चे ऐसा कार्य कर के दिखलाए जिससे उनके माता पिता को गर्व हो। मुनिश्री ने भाषा, वेशभूषा, भोजन, भवन एवं भावना को संयमित और स्वस्थ रखने की प्रेरणा दी। माता पिता जन्मदाता और जीवनदाता बनने के साथ जीवन निर्माता भी बने ।

कार्यशाला में प्रश्नोत्तरी के विजेता लक्ष्य जैन, चिराग नाहर, जया कोठारी, नीलम सुराणा, संजय धारीवाल को प्रायोजक परिवार की कांता प्रकाश लोढ़ा एवं तेयुप अध्यक्ष रजत बैद ने सम्मानित किया। कार्यशाला के प्रायोजक लोढ़ा परिवार का सम्मान किया गया। संचालन मंत्री रोहित कोठारी ने किया



# काव्य गोष्ठी में आध्यात्म एवं प्रेम रस की फुहारें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूर। शहर की साहित्यिक संस्था साहित्य मधुशाला द्वारा गत शनिवार को ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें देश विदेश के रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से मंच को महका दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बेंगलूरु के कवि राजेंद्र गुलेच्छा ने दीप प्रज्वलन व श्रुत की देवी सरस्वती वंदना के साथ की। कार्यक्रम का संचालन संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष उषा जैन केडिया ने चार पंक्तियों के माध्यम से सबको बारी बारी से रचना प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित करके किया। कोलकाता से जुड़ी कवयित्री संगीता चौधरी ने पितृपक्ष में झूठी संवेदना की अभिव्यक्ति 'क्यों ये तर्पण' शीर्षक वाली रचना के माध्यम से कार्यक्रम का भावनात्मक आग़ाज़ किया। कवयित्री डिम्पल ने 'प्यार एक झील के समान है' रचना द्वारा दाम्पत्य प्रेम को अभिव्यक्त किया। बिलासपुर की कवियित्री शीतल लाठ, काठमाण्डू नेपाल के वरिष्ठ कवि जयप्रकाश अग्रवाल, विराटनगर नेपाल से शामिल हुए कवि सुरेश अग्रवाल, भिलाई से जुड़े कवि हरिप्रकाश गुप्ता आदि ने अपनी अपनी रचना की प्रस्तुति दी। युवा कवि ब्रजेंद्र मिश्र ने बिगड़े बिगड़े से हैं हालात एवं दुर्गा माता के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत करती हुई आध्यात्मिक रचना प्रस्तुत की। जमशेदपुर के कवि बसंत जमशेदपुरी ने गजल सुनाकर सबका मन मोह लिया।। बेंगलूरु के कवि व कार्यक्रम के अध्यक्ष जैन राजेंद्र गुलेच्छा राज ने दिवाली पर अपनी रचना 'मन जाएगी दीवाली' की सुंदर प्रस्तुति दी। संस्था की अध्यक्ष एवं संचालिका उषा केडिया ने 'किसी राह पर निकलते हम रोज़ हैं' रचना की प्रस्तुति दी। अंत में टाटानगर के कवि प्रमोद खीरवाल ने अपनी रचना की प्रस्तुति दी। सभी प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम के अध्यक्ष गुलेच्छा ने समीक्षात्मक टिप्पणी की। अंत में संगीता चौधरी कोलकाता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

## ओलंपिक में शामिल होने से क्रिकेट का होगा वैश्विक विस्तार

**बेंगलूरु।** करीब ढाई अरब से अधिक प्रशंसक और दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढता टीवी राजस्व। आंकड़ों की दृष्ट से क्रिकेट भले ही फुटबॉल के बाद सबसे लोकप्रिय वैश्विक खेल लगता हो लेकिन सही मायने में इसका विस्तार राष्ट्रमंडल देशों तक ही हो पाया है। इसमें भी भारत क्रिकेट की धुरी रहा है। अब 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में टी20 क्रिकेट की वापसी से खेल और व्यवसाय दोनों लिहाज से फायदा नजर आ रहा है। ओलंपिक क्रिकेटरों को ऐसा मंच देगा जो शायद विश्व कप से भी बड़ा होगा। ओलंपिक पदक गले में पहने पोडियम पर खड़े होकर राष्ट्रगान सुनने पर जो गौरव अनुभव होता है, उससे क्रिकेट अभी तक वंचित रहे हैं।




# स्वभाव से किया गया धर्म ही जन्म जन्म तक साथ देता है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि कर्म के प्रभाव से दुर्गति हो और कोई बचा ले वह धर्म का प्रभाव है। धर्म केवल बचाता ही नहीं है वरन सुख, सुरक्षा एवं सद्गति भी देता है। धर्म तीन प्रकार से होता है दबाव, प्रभाव एवं स्वभाव से। दबाव वश एवं चमत्कार के प्रभाव में आकर किया धर्म, धर्म नहीं है। जब धर्म करते हुए जीवन के कषाय शांत हो जाएं और पाप मिट जाएं तब स्वभाव से धर्म कहलाता है। दबाव एवं प्रभाव से किया धर्म अल्पकालीन है एवं स्वभाव से किया धर्म जन्म-जन्म तक साथ देता है। एक कहावत है सुखम धर्मार्थ दुखम पापार्थ अर्थात धर्म प्रभाव से सुख एवं पाप प्रभाव से दु:ख आता है। पापों से बचने की उपाय करें।

साध्वीश्री ने कहा कि गुरुओं की प्रेरणा से आचरण करना मतलब उनके प्रति 'रेस्पॉन्स'है, यदि कहा हुआ नहीं करा वह 'नौ रेस्पॉन्स'होगा, कहा हुआ करने में विलंब या टाल-मटोल किया तो 'डिले रेस्पॉन्स'और जो कहा गया है उसके विपरीत कार्य करना 'रिवर्स रेस्पॉन्स' है।

जीवन में संकट या परेशानी आ जाये तब मन की चिंता दूर करने के लिय स्वयं को तैयार करना चाहिए। दूसरों के दुख को देखकर अपने को सुखी मानना होगा। महालक्ष्मी महापूजन का लाभ अनिलकुमार मीनाबाई मुणोत परिवार ने लिया। मांगीलाल वेदमुथा ने बताया कि 22 को सरस्वती महापूजन होगा। सस मौके पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।



# आत्मा की सबसे बड़ी खुराक है प्रेमभाव : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागर सूरीश्वरजी ने माता सरस्वती के मंत्र जाप साधना के दूसरे दिन कहा कि हम सभी चेतनवंत जीव है, इसलिए शरीर को बहुत सी चीजें पदार्थ की जरूरत होती है। शरीर को कपड़ा, भोजन, धन आदि की आवश्यकता होती है जबकि आत्मा जो है उसकी सबसे बड़ी खुराक है भाव-प्रेम। दो तत्त्व है एक शरीर और एक आत्मा। शरीर को भौतिक चीज पदार्थों की जरूरत पडती है और आत्मा को भाव प्रेम की आवश्यकता पड़ती है। भाव से ही जीवन का हर रस प्राप्त होता है । जिन पुत्रों में अपने माता पिता के प्रति अगर आदर भाव होगा तो वे दान-पुण्य -धर्म आराधन करेंगे। परन्तु आज लोगों को अभी सिर्फ मोबाइल तत्त्व ही समझ में आ रहा है, भाव तत्त्व समझ में नहीं आ रहा है जिसके कारण दुख बढ़ रहा है। लोग सिर्फ लौकिक वस्तुओं के महत्व को ही समझे है जबकि सुखदायी तो भावतत्व है ।



# कषायमुक्त आत्मा ही परमात्मा बन सकती है : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। महासती ने छब्बीसवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी साध्वी ऋषिताश्रीजी ने कहा कि क्रोध,मान, माया तथा लोभ इन दोषों का वमन करके के लिए हमें अर्हम बनना है। पापाचरण से दूर रहना है। जैसे शरीर के रोग होते हैं वैसे ही आत्मा के भी रोग होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार वात, पित्त और कफ का असंतुलन शरीर को रोगी बना देता है वैसे ही क्रोध, मान, माया और लोभ ये चारों कषाय आत्मा को रोगग्रस्त बना देते हैं। जैसे रोग मुक्त शरीर हल्का स्वस्थ और सुखी होता है वैसे ही क्रोध आदि कषायों से मुक्त आत्मा सुखी और स्वस्थ होती है। हमारा जीवन कषाय मुक्त होना चाहिए तभी आत्मा परमात्मा बन सकती है। साधना मार्ग में आगे बढ़ने के लिए कषायों से दूर रहने का अभ्यास करना चाहिए।

प्रवचन में साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि कषाय जीवन को पूर्ण रूप से नष्ट कर देते हैं। जैसे दीमक लकड़ी को धीरे-धीरे खत्म कर देती है उसी प्रकार कषाय भी आत्मा के शुभ कर्मों को नष्ट कर देते हैं। कषाय का शमन करने से ही आत्मा का कल्याण होता है। साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। पुच्छीसुणं जाप के लाभार्थी किशोरकुमार कुणालकुमार जीनाणी बागरेचा परिवार थे। सहमंत्री कल्याण श्रीश्रीमाल ने संचालन किया।

# बैटरी के लिये एक और प्रोत्साहन योजना लाने पर विचार: आर के सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार देश में बैटरी के लिये एक और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने पर विचार कर रही है। इसका मकसद बैटरी की लागत में कमी लाकर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है।

सिंह ने यहां ओएमआई फाउंडेशन के 'ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) रेडी इंडिया डैशबोर्ड' कार्यक्रम में कहा, ''हम भंडारण मात्रा या बैटरी संख्या बढ़ाने के लिये एक और पीएलआई योजना लेकर आ रहे हैं।'' नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले सिंह ने कहा कि बैटरी की मात्रा बढ़ने के साथ भंडारण की कीमत में भी कमी आएगी। भंडारण की कीमत तभी कम होगी जब मात्रा बढ़ाएंगे। यही कारण है कि भंडारण के लिये उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना है। उन्होंने कहा कि उच्च लागत और ईवी के कम दूरी तक सफर कर पाने की क्षमता इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के रास्ते में कुछ प्रमुख मुद्दे हैं। सरकार ने मई 2021 में 18,100 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय के साथ उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी के विनिर्माण के लिये पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य 45,000 करोड़ रुपये के विदेशी और घरेलू निवेश को आकर्षित करना था।

इस योजना का मकसद बैटरी भंडारण के क्षेत्र में 50 हजार मेगावाट क्षमता सृजित करना है। मंत्री ने कहा, ''एक देश के रूप में हमारे लिए इलेक्ट्रिक परिवहन व्यवस्था को अपनाना काफी महत्वपूर्ण है। एक शक्ति (अर्थव्यवस्था) के रूप में उभरने की एक शर्त यह है कि आप ऊर्जा पर आश्रित नहीं हो सकते। यह इलेक्ट्रिक वाहन की ओर बढ़ने का हमारा प्राथमिक कारण है।'' उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

बिजली मंत्री ने कहा कि बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम का 80 प्रतिशत संसाधन एक ही देश तक सीमित है और लिथियम का 88 प्रतिशत प्रसंस्करण भी एक ही देश में होता है। मंत्री ने कहा, ''हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जम्मू में कुछ लिथियम भंडार हैं।'' उन्होंने लिथियम से अन्य रसायनों वाली बैटरी की ओर स्थानांतरित होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## यमुना में भारी प्रदूषण पर उच्चतम न्यायालय को स्वत: संज्ञान लेना चाहिए: भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्वांचल के मशहूर पर्व छठ से पहले भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के कई नेता सोमवार को कालिंदी कुंज के निकट यमुना नदी के तट पर पहुंचे और कहा कि यमुना में भारी प्रदूषण पर उच्चतम न्यायालय को स्वत: संज्ञान लेना चाहिए। भाजपा नेताओं ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की भी आलोचना की और कहा कि यमुना का पानी इंसानों के उपयोग के लायक नहीं है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रश्न किया कि यमुना में इतने अधिक प्रदूषण के बीच पूर्वांचली लोग अगले महीने छठ कैसे मनाएंगे?

सचदेवा ने संवाददाताओं से कहा, ''हम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहते हैं कि उनकी सरकार ने तीन साल में यमुना की सफाई के नाम पर 8,000 करोड़ रुपये खर्च करके क्या काम किया है?''

भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी यमुना नदी की स्थिति पर उच्च अधिकारियों से बातचीत करेगी। उन्होंने कहा, '' मेरा मानना है कि उच्चतम न्यायालय को यमुना में प्रदूषण के मामले में स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।'' भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने केजरीवाल पर निशान साधा और कहा कि हालांकि मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि नदी को साफ किया जाएगा ताकि लोग उसमें नहा सकें लेकिन यमुना का पानी अब भी इस्तेमाल लायक नहीं है।

# सोरेन ने शिक्षा ऐप शुरू की, 800 से ज्यादा शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जे-गुरुजी (झारखंड के गुरुजी) एप्लिकेशन की शुरुआत की और रांची के मोराबादी में डॉ. राम दयाल मंडल फुटबॉल स्टेडियम में एक समारोह के दौरान माध्यमिक विद्यालय के 800 से ज्यादा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। एक अधिकारी ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) प्रेरित यह एप्लिकेशन डिजिटल किताबों, सीखने के वीडियो, ऑडियो पुस्तक, नोट्स, सारांश, प्रश्न बैंक, ब्रिज कोर्स और मॉडल प्रश्न पत्र जैसी सुविधाओं के साथ एक विविध प्रकार का सीखने का मंच है।

उन्होंने कहा, ''आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा बाजार की मांग के मुताबिक दी जानी चाहिए। इस संबंध में गुरुजी ऐप मदद करेगा। इसे छात्रों के लिए अधिक रुचिकर कैसे बनाया जाए हम इसपर भी चर्चा कर रहे हैं।'' अधिकारी ने बताया कि राज्य स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की शाखा झारखंड शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी)द्वारा तैयार किया गया यह ऐप छात्रों को कहीं भी पाठ्यक्रम के विषयों को पढ़ने में मदद करेगा और उन्हें निजी ट्यूशन के भारी-भरकम शुल्क से निजात दिलाएगा। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक विद्यालयों में हाल ही में नियुक्त 827 नए शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी दिए। 24 जिलों के कुल 24 शिक्षकों को मंच पर मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए।



## कर्नाटक की शिक्षा नीति देश के धर्मनिरपेक्ष तानेबाने को कायम रखेगी: सुधाकर

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री एम सी सुधाकर ने कहा कि राज्य की शिक्षा नीति समावेशी होगी और वह छात्रों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ देश के धर्मनिरपेक्ष तानेबाने को बनाकर रखेगी। राज्य की कांग्रेस सरकार ने इस महीने की शुरुआत में कर्नाटक राज्य शिक्षा नीति तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी। सुधाकर ने शिक्षा और कौशल पर 'एशियाई सम्मेलन' से इतर कहा कि सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सुखदेव थोराट की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी।

# धामी ने उत्तराखंड में सभी आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं के निरीक्षण के निर्देश दिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के हल्द्वानी में एक दृष्टिबाधित बच्ची के कथित यौन शोषण के मामले का गंभीर संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सभी आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं के सघन निरीक्षण के निर्देश दिए ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा इस संबंध में एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट देने को कहा है । दृष्टिबाधित बच्ची के यौन शोषण के आरोप में पुलिस ने 'नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइंड (नैब)' के महासचिव एवं संचालक श्याम धानक को गिरफ्तार किया था।

मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लेते हुए प्रदेश में संचालित तमाम आवासीय संस्थाओं में तत्काल सघन निरीक्षण करने को कहा ताकि इस प्रकार की दुखद एवं हृदय विदारक घटना की पुनरावृत्ति न हो। रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जाए । यदि किसी बच्चे के साथ यौन शोषण अथवा दुर्व्यवहार का कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों से इस संबंध में एक माह में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं । नैब में रहने वाली कुछ नाबालिग बालिकाओं ने 60 वर्षीय धानक के खिलाफ अपनी शिकायत किसी तरह से नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक पहुंचाई थी जिसके बाद प्रकरण की जांच की गयी और आरोपों के सही पाए जाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया । धानक के विरूद्ध भारतीय दंड विधान की धाराओं 376, 504, 354 और पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जब तक केसीआर जिंदा है, तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष राज्य बना रहेगा : सीएम के. चंद्रशेखर राव

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को कहा कि जब तक समाज के सभी वर्गों का विकास नहीं हो जाता, वह आराम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक वह जिंदा हैं, राज्य धर्मनिरपेक्ष रहेगा।



हैदराबाद से करीब 90 किलोमीटर दूर जनगांव में एक रैली को संबोधित करते हुए केसीआर के नाम से मशहूर मुख्यमंत्री ने जनता से अनुरोध किया कि वे स्थानीय उम्मीदवार को वोट दें और कांग्रेस के 'झांसे में नहीं आएं'। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पी. लक्ष्मैया ने जनसभा में केसीआर की मौजूदगी में बीआरएस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कुछ दिन पहले कांग्रेस में भेदभाव का माहौल होने का आरोप लगाया था। राव ने कहा, ''इस राज्य में पिछले 10 साल से कोई सांप्रदायिक तनाव नहीं है। हैदराबाद शांत शहर है। हमारी औद्योगिक नीति की वजह से लाखों करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। हमारे युवाओं को नौकरी मिल रही है। भविष्य में भी यह जारी रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जब तक केसीआर जिंदा रहेगा, तब तक तेलंगाना रियासत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य रहेगा। यह मेरा वादा है। मैं इसके लिए जिम्मेदार हूं।'' हालांकि, बीआरएस प्रमुख ने जनसभा में अपने भाषण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक भी बार उल्लेख नहीं किया।

# रक्षा मंत्रालय ने आईएनएस ब्यास के उन्नयन के लिए 313 करोड़ रुपये का अनुबंध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्रालय ने युद्ध पोत आईएनएस ब्यास के निश्चित अवधि के बाद होने वाले 'मिड लाइफ अपग्रेड' और उसे पुन: सशक्त बनाने के लिए सोमवार को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ 313 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। 'मिड लाइफ अपग्रेड' से आशय युद्धपोत की आधी सेवा अवधि हो जाने पर उसका उन्नयन किए जाने से है।

मंत्रालय ने कहा कि पोत को पुन: सशक्त बनाने की यह पहली परिवर्तनकारी परियोजना भारतीय नौसेना के रखरखाव संबंधी दर्शन और सीएसएल की मरम्मत क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाने वाली साबित होगी।

मंत्रालय के मुताबिक, 'रक्षा मंत्रालय ने 16 अक्टूबर को नई दिल्ली में कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ आईएनएस ब्यास के 'मिड-लाइफ अपग्रेड' और पुन: सशक्त बनाने के लिए 313.42 करोड़ रुपये की कुल लागत के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।'

आईएनएस ब्यास, ब्रह्मपुत्र श्रेणी का पहला ऐसा युद्धपोत है, जिसे भाप वाले इंजन से डीजल वाले इंजन में तब्दील किया जाएगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, '2026 में मिड-लाइफ अपग्रेड और पुन: सशक्त करने का काम पूरा होने के बाद आईएनएस ब्यास एक आधुनिक हथियार से सुसज्जित और उन्नत लड़ाकू क्षमता वाले युद्धपोत के रूप में फिर से भारतीय नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल होगा।'

मंत्रालय ने कहा, 'इस परियोजना में 50 से अधिक एमएसएमई शामिल होंगी और 3,500 से अधिक कर्मियों को रोजगार मिलेगा।'

मंत्रालय के मुताबिक, यह परियोजना सरकार के 'मेक-इन-इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के हिस्से के रूप में शुरू की गई है।

# सिद्दरामैया पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए सुलीबेले के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक पुलिस ने हाल ही में कारवार जिले की यात्रा के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर प्रमुख कार्यकर्ता चक्रवर्ती सुलीबेले के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया है।

सुलीबेले ने 'जनगणमन अभियान' में भाग लेने और जिले के कदवाड़ा गांव के बोविवाड़ा में एक मंदिर का दौरा करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए यह टिप्पणी की, जब भी सिद्दरामैया सत्ता संभालते हैं तो कर्नाटक में हिंदुओं को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और मुसलमानों को सुरक्षा मिलती है। उन्होंने एक तुलनात्मक आख्यान पेश किया जिसमें बताया गया कि मुसलमानों को सुरक्षा की बढ़ी हुई भावना का अनुभव होता है।

सरकार के आलोचकों का तर्क है कि सुलीबेले के खिलाफ कार्रवाई कांग्रेस सरकार, खासकर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया की आलोचना को रोकने का एक प्रयास है। वहीं, कांग्रेस समर्थकों का सुझाव है कि सुलीबेले की अभिव्यक्ति समुदायों के बीच कलह के बीज बोने की क्षमता रखती है।

अपने खिलाफ की गई कार्रवाई के जवाब में, सुलीबेले ने सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को 'हिटलर सरकार' करार दिया और पूछा कि क्या सरकार चाहती है कि वह अपनी आलोचना के समर्थन में सबूत साझा करें?

# भाजपा ने ठेकेदार से बरामद राशि को कांग्रेस का बताया : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उस आरोप को निराधार बताया है, जिसमें उसने यह एक ठेकादार से यहां से आयकर विभाग के छापे में बरामद 50 करोड़ रुपये को कांग्रेस का बताया गया था।

सिद्दरामैया ने मैसूरु में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, यह आरोप निराधार है। ठेकेदार से किसी पार्टी से संबंध नहीं है। न हम उनसे कहते हैं और न वे लोग हमें देते हैं। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटिल ने आरोप लगाया कि ठेकेदार के यहां से बरामद धन का कांग्रेस से संबंध हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने राज्य के विभिन्न जिलों तथा तालुका मुख्यालयों में इस मुद्दे को लेकर दो दिनों तक प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। पार्टी ने सिद्दरामैया तथा उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार से इस्तीफे की मांग की है।

कटिल ने दावा किया कि राज्य सरकार की ओर से ठेकेदारों को 600 करोड़ रुपये जारी करने और एक ठेकेदार के यहां से 45 करोड़ रुपये बरामद किए जाने के बाद कहा, जाहिर तौर पर अवैध पैसे का संबंध कांग्रेस से है और यहां उनका पैसा है। उन्होंने कहा, मैं मांग करता हूं कि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें। उन्होंने आरोप लगाया कि जब्त की गयी राशि का इस्तेमाल पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में किया जाना था। उन्होंने कहा, कांग्रेस चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली राशि के लिए कर्नाटक में एटीएम सरकार चला रही है।

उधर, केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री प्रहलाद जोशी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सिर्फ कर्नाटक से 1,000 करोड़ रुपये संग्रहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।गौरतलब है कि आयकर विभाग ने कर्नाटक में 45 जगहों पर छापा मारा था, जिनमें से ज्यादातर छापे बेंगलूरु में पड़े थे। इस दौरान आयकर विभाग ने 50 करोड़ रुपये जब्त किए थे, जिनमें से 42 करोड़ रुपये एक ठेकेदार और उसके पुत्र के पास से बरामद हुए थे। आयकर अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार को शुरू हुई थी और अभी भी जारी है।



# ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन एवं मछली उत्पादन आजीविका का मुख्य आधार है : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीदर। यहां कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में, पशुपालन और मछली उत्पादन ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का मुख्य आधार है। वह कर्नाटक पशु चिकित्सा, पशु और मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, बीदर के 13वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में न केवल वैज्ञानिक तरीकों से डेयरी किसानों की बीमारियों का निदान करना आवश्यक है, बल्कि दूध उत्पादन और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लेमन ग्रास, शतावरी जैसे हर्बल पौधों का भी नियमित रूप से उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संदर्भ में कृषक समुदाय की उभरती चुनौतियों और इससे कार्य प्रणाली में आने वाले बदलावों पर विचार करने की जरूरत है।

पशु विशेषज्ञों, किसानों और पशुपालकों के बीच समन्वय स्थापित करके और नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों का आदान-प्रदान करके डेयरी व्यवसाय को एक उद्योग के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

इस क्षेत्र में प्रगति ने हमें दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना दिया है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादकता में वृद्धि, किसानों की आय में वृद्धि, ज्ञान स्तर में सुधार और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, स्थानीय प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए कृषि व्यवसाय/उद्यमिता के विस्तार की दिशा में प्रगति की गई है। विश्वविद्यालय बीदर में स्थापित किया गया है, जो पशु चिकित्सा, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विज्ञान और ग्रामीण आधारित प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और शिक्षा के उद्देश्य से अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक वास्तुकला के लिए जाना जाता है।

अपनी स्थापना के बाद से ही यह विश्वविद्यालय किसानों और ग्रामीणों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सराहना की कि विश्वविद्यालय शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से पशु चिकित्सा, डेयरी और मत्स्य विज्ञान के छात्रों को कुशल और योग्य बनाकर देश की समृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

# कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार को राहत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोपी व कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पर लगी अंतरिम रोक हटाने की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई सात नवंबर को करेगा।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने श्री शिवकुमार को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए सात नवंबर 2023 की तारीख मुकर्रर कर दी।

पीठ ने सीबीआई की उस याचिका को खारिज कर दी, जिसमें उच्च न्यायालय के स्थानआदेश पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें खारिज करते हुए कहा, हम इस पर एकपक्षीय रोक नहीं लगा रहे हैं। वह आदमी (शिवकुमार) कहीं भाग नहीं रहा है। राजू ने दलील दी थी कि मामले में 90 फीसदी जांच पूरी हो चुकी है। उन्होंने यह भी दावा किया आरोपी को हलफनामे में उसके 'झूठे' बयान पर अंतिम रोक लगाई गई थी।

कर्नाटक उच्च न्यायालय 2020 के मामले में जून 2023 में रोक लगा दी थी। केंद्रीय एजेंसी ने दावा किया कि शिवकुमार ने अप्रैल 2013 से अप्रैल 2018 तक आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक 74.93 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की, जब वह कांग्रेस नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार में ऊर्जा मंत्री थे।

अगस्त 2017 में उनसे जुड़े लगभग 70 परिसरों पर की गई आयकर विभाग की तलाशी के निष्कर्षों के आधार पर सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में अक्टूबर 2020 में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।



बेंगलूरु के मैसूरु बैंक सर्कल पर कावेरी जल विवाद को लेकर वाटाल नागराज के नेतृत्व में कर्नाटक कन्नड़ ओकुट्टा के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# कावेरी विवाद : कन्नड़ कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक रक्षणा वेदिके के नेतृत्व में कन्नड़ संगठनों ने तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने की निंदा करते हुए सोमवार को 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम का आह्वान किया। कार्यकर्ता 18 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर धरना देंगे। कार्यकर्ता मंगलवार को ट्रेन और फ्लाइट से नई दिल्ली आएंगे, जिसमें कर्नाटक रक्षणा वेदिके के अध्यक्ष नारायण गौड़ा बेंगलूरु से उनके साथ शामिल होंगे। दिल्ली कन्नड़ संघ नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर कन्नड़ कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने कावेरी विवाद में हस्तक्षेप के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी समय मांगा है। सूत्रों ने कहा कि नारायण गौड़ा और दिल्ली कन्नड़ संघ के अध्यक्ष नागराज 18 अक्टूबर को मोदी से मिलेंगे। वे केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से भी मिलेंगे। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने कर्नाटक को 15 दिनों के लिए 3,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था, इस अपील के बावजूद कि गर्मियों के दौरान राज्य में विशेषकर बेंगलूरु शहर में पीने के पानी की आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित होगी।

# हमास के समर्थन में वीडियो पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। इजरायल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच, दक्षिण कर्नाटक के मंगलुरु में एक व्यक्ति को आतंकवादी संगठन हमास की सराहना करने वाला एक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपी जाकिर को उस वीडियो को रिकॉर्ड करने के लिए गिरफ्तार किया, जिसमें हमास को देशभक्त बताया गया है और मुसलमानों से आतंकवादी संगठन के लिए प्रार्थना करने की अपील की गई है। यह वीडियो पहले व्हाट्सऐप ग्रुप में शेयर किया गया और बाद में इसे एक्स पर पोस्ट करके वायरल किया गया, इसके बाद मंगलुरु पुलिस ने इस मामले को हाथ में लिया। आरोपी एक कब्रिस्तान में काम करता है, उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (ए) (धर्म के नाम पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। जाकिर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यकर्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज की थी। जाकिर को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले सप्ताह आतंकवादी संगठन हमास ने इजरायल पर गंभीर हमला किया था और विदेशियों को बंधक बना लिया था जिसके बाद इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ आरपार की लड़ाई का एलान किया है। इजरायली रक्षा बलों ने हमास के प्रमुख ठिकानों को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं। दोनों पक्षों के बीच दशकों से चला आ रहा संघर्ष भीषण रूप ले चुका है और इजरायल और गाजा पट्टी में अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

## दौड़



बेलगावी में महाराष्ट्र हिन्दु ग्रुप शिव प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान के नेतृत्व में नवरात्रि के मौके पर दुर्गा माता दौड़ का आयोजन सोमवार सुबह किया। इस मौके पर अनेक बेलगावी वासियों ने हिस्सा लिया।

# महिला को जूतों की माला पहनाकर परेड कराने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बेलगावी/दक्षिण भारत। हनी ट्रैपिंग के संदेह में एक महिला को जूतों की माला पहनाकर घुमाने के मामले में कर्नाटक पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अर्जुन गुंडव्वागोल के रूप में हुई। पुलिस ने महिला पर हमला करने वाले अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है। हनी ट्रैपिंग के संदेह में स्थानीय लोगों ने पीड़िता को जूतों की माला पहनाकर बेलगावी जिले के एक गांव में घुमाया।

यह घटना शुक्रवार देर रात गोकक शहर के पास घटप्रभा मृत्युंजय इलाके में हुई। महिला पर हनी ट्रैपिंग का आरोप लगने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों के खिलाफ महिला से मारपीट करने और उसका जुलूस निकालने की शिकायत पर केस दर्ज किया। आरोपी अर्जुन गुंडव्वागोल ने पीड़िता पर हनी ट्रैपिंग में शामिल होने का आरोप लगाया था। वह अपने साथियों के साथ पीड़िता के घर में घुस गया था और उससे पूछताछ की थी। बाद में, उसे उसके घर से बाहर खींच लिया गया और उसके सहयोगियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। उसे चप्पलों की माला पहनाई गई और घटप्रभा मृत्युंजय सर्कल के पास परेड कराई गई।

# पहले गगनयान मिशन का 21 को होगा परीक्षण : इसरो

बेंगलूरु/चेन्नई/दक्षिण भारत। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को घोषणा की कि पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के हिस्से के रूप में पहला मानव रहित उड़ान परीक्षण वाहन एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) 21 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से प्रक्षेपित किया जाएगा। यह समग्र गगनयान कार्यक्रम में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने कहा, टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान 21 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच एसडीएससी-एसएचएआर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से निर्धारित है। टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करेगी।

इसरो के मुताबिक यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। समग्र गगयान कार्यक्रम के लिए लगभग पूर्ण प्रणाली को उड़ान परीक्षण के लिए एकीकृत किया गया है। क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का मानव रहित परीक्षण उड़ान मिशन में इसरो के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम3का उपयोग करके किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने कहा, एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) उड़ान परीक्षण यान की तैयारी एसडीएससी-शार रेंज में क्रू एस्केप सिस्टम पर पूरे जोर-शोर से चल रहा है।

उन्होंने कहा,पहला मानव रहित टीवी-डी1 परीक्षण मिशन 21 अक्टूबर को होगा। इसके बाद पहले मानव उड़ान मिशन से पहले सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी। परीक्षण का उद्देश्य 'क्रू मॉड्यूल' या वाहन के उस हिस्से का परीक्षण करना है, जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को रखा जाएगा। परीक्षण में मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च करना और इसे पृथ्वी पर वापस लाना और बंगाल की खाड़ी में टचडाउन के बाद इसे पुनर्प्राप्त करना शामिल है।

उन्होंने कहा, नौसेना कर्मियों ने मॉड्यूल को पुनर्प्राप्त करने के लिए पहले ही मॉक ऑपरेशन शुरू कर दिया है। क्रू मॉड्यूल के साथ-साथ एक 'क्रू एस्केप' सिस्टम भी होगा। यदि अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष में चढ़ते समय किसी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो इस एस्केप सिस्टम से चालक दल को अलग करने और सुरक्षित रूप से समुद्र में वापस लाने की उम्मीद है, जहां से उन्हें नौसेना कर्मियों द्वारा उठाया जाएगा। गगनयान मिशन अगले साल की दूसरी तिमाही में होने की उम्मीद है।

# सरकारी ठेकेदारों के ठिकाने पर आयकर विभाग के छापे में 94 करोड़ रूपये की नकदी जब्त

बेंगलूरु/नई दिल्ली/दक्षिण भारत। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग ने कर्नाटक और अन्य राज्यों में 'सरकारी ठेकेदारों तथा रियल स्टेट' करोबारियों के खिलाफ छापे में 94 करोड़ रुपये नकद, आठ करोड़ रुपये मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण तथा विदेश में निर्मित 30 महंगी घड़ियां जब्त की हैं। आयकर विभाग ने ये छापे 12 अक्टूबर को बेंगलूरु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कुछ शहरों और दिल्ली में 55 ठिकानों पर मारे थे। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, छापे में करीब 94 करोड़ की बेहिसाबी नकदी, आठ करोड़ रुपये मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण जब्त किए..कुल मिलाकर 102 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती हुई है। बयान में कहा गया, ''एक निजी कंपनी में कार्यरत व्यक्ति के परिसर से विदेश निर्मित 30 महंगी घड़ियां बरामद की गईं।

उसका घड़ियों के कारोबार से कोई ताल्लुक नहीं है।'' छापेमारी में बेहिसाबी'नकदी मिलने के बाद इस मुद्दे पर कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने कहा कि छापेमारी में मिले रुपयों का संबंध कांग्रेस से है, जबकि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने आरोपों से इनकार करते हुए उन्हें 'निराधार' करार दिया है।

# कांग्रेस आलाकमान ने हमसे पांच पैसे तक नहीं मांगे : सिद्दरामैया

मैसूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन आरोपों को राजनीतिक रूप से 'प्रेरित और निराधार' कहते हुए खारिज किया कि हाल में यहां आयकर विभाग के छापे में आयकर विभाग द्वारा जब्त की गई नकदी कांग्रेस पार्टी से जुड़ी है। सिद्दरामैया ने संवाददाताओं से कहा, ''यह एक राजनीतिक बयान है और निराधार आरोप है। क्या कांग्रेस के ठेकेदार और भाजपा के ठेकेदार होते हैं? मैं उन्हें भाजपा के ठेकेदार कहता हूं। साक्ष्य कहां है।'' भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ठेकेदार और उसके बेटे से जब्त की गई 42 करोड़ रुपये की नकदी कांग्रेस से जुड़ी हुई है और सिद्दरामैया सरकार राज्य को 'एटीएम' के रूप में इस्तेमाल कर रही है। भाजपा के आरोप कि जब्त की गई नकदी पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के लिए थी, इस संबंध में पूछे जाने पर सिद्दरामैया ने कहा, हमारा उससे (धन) कोई संबंध नहीं है। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, उन्हें अपन दम पर चुनाव लड़ना चाहिए। जब हमने चुनाव लड़ा था तो क्या हमने दूसरे राज्यों से धन मांगा था? लोगों ने हमें आशीर्वाद दिया था। हमारे राज्य का अन्य राज्यों से कोई संबंध (चुनाव में) नहीं है। भाजपा नेता सी टी रवि के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी को धन मुहैया कराने के वास्ते कर्नाटक कांग्रेस का 1,000 करोड़ रुपये इकट्ठा करने का लक्ष्य है, सिद्दरामैया ने कहा कि वह भाजपा नेता के आरोपों पर कुछ नहीं बोलेंगे जो केवल झूठ बोलते हैं।

# कर्नाटक में भाजपा का विरोध प्रदर्शन

बेंगलूरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य की कांग्रेस सरकार को कांग्रेस पार्टी के लिए बेहिसाब धन का स्रोत बताते हुए जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने राज्य में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित सभी मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की। ठेकेदार अंबिकापति के घर से बेहिसाब 42 करोड़ रुपये का पता लगने पर इसका विरोध प्रदर्शन का आधार बनाते हुए भाजपा ने राज्य भर के मंडलों और जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि संदेह है कि यह बेहिसाबी धन कांग्रेस पार्टी को चुनावी राज्यों में वित्तपोषण करने के लिए कमीशन के रूप में मिला हो। इन विरोध प्रदर्शनों को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए जा रहे हैं, जिसमें सूखा, लोड शेडिंग, सरकारी अधिकारियों के अनियंत्रित तबादलों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था में गडबड़ी संबंधित मुद्दों को उजागर किया जा रहा है। भाजपा का यह विरोध प्रदर्शन कल भी जारी रहेगा।

# जनता दल (एस) में टूट के आसार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने के जनता दल (एस) के अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा के फैसले को नकारते हुए पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष सी.एम. इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी भाजपा नीत राजग में शामिल नहीं होगी। जनता दल (एस) में संभावित विभाजन का संकेत देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि उनके नेतृत्व वाला धड़ा मूल पार्टी है क्योंकि वह धर्मनिरपेक्ष है और प्रदेश अध्यक्ष के नाते वह कर्नाटक में संगठन के बारे में निर्णय ले सकते हैं।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा से अपील की कि भाजपा के साथ गठजोड़ करने के लिए अपनी मंजूरी नहीं दें क्योंकि इस निर्णय के बाद आसपास के राज्यों में कई लोग पार्टी छोड़ चुके हैं।

इब्राहिम ने कुछ पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हमारा पहला फैसला है कि जनता दल (एस) राजग में शामिल नहीं होगा। दूसरा फैसला देवेगौड़ा से यह अनुरोध करने का है कि उन्हें इस गठबंधन के लिए अपनी मंजूरी नहीं देनी चाहिए। इब्राहिम ने कहा कि वह एक कोर समिति बनाएंगे जो देवेगौड़ा से मिलकर आज की बैठक में लिये गये फैसले से उन्हें अवगत कराएगी। उन्होंने यह भी कहा, हालांकि कर्नाटक में हम अब भी आपसे (देवेगौड़ा से) स्नेह करते हैं। आप पिता तुल्य हैं। हम उन्हें (देवेगौड़ा को) बताएंगे कि हमें भाजपा से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए।

इब्राहिम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बहुत ''स्वतंत्र'' हैं और हम उनके फैसले का इंतजार करेंगे।

उन्होंने कहा, ''एक फैसला पार्टी कार्यकर्ताओं और सभी नेताओं ने लिया है। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने (इब्राहिम ने) अपने समर्थकों के साथ बातचीत की। वह अपना निर्णय लेने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं।'' एच.डी. देवेगौड़ा नीत केंद्र सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके इब्राहिम ने दावा किया कि पार्टी में उनके नेतृत्व वाला धड़ा मूल पार्टी है जो धर्मनिरपेक्ष है।



# नड्डा पहुंचे उदयपुर, पदाधिकारियों के साथ की बैठक



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सोमवार को उदयपुर पहुंचे जहां पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने उनका स्वागत किया। नड्डा उदयपुर संभाग में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसके बाद वह जोधपुर के लिए रवाना होंगे।

उल्लेखनीय है कि गुलाब चंद कटारिया के असम का राज्यपाल बनने के बाद उदयपुर सीट खाली हो गई थी।

जोधपुर में नड्डा पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे और रात में दिल्ली रवाना होने से पहले संगठन के नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे। भाजपा की जोधपुर शहर इकाई के अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने कहा कि नड्डा पार्टी के जोधपुर संभाग के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, वर्तमान और पूर्व सांसदों और विधायकों, पार्टी के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, सभी जिलों के वर्तमान और पूर्व जिला अध्यक्षों से मुलाकात और संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है। विधानसभा चुनाव से पहले नड्डा की जोधपुर यात्रा काफी महत्व रखती है। जोधपुर संभाग की 33 सीटों में से भाजपा ने केवल सांचौर के लिए उम्मीदवार की घोषणा की है। शहर इकाई के एक पदाधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, पार्टी को पहले से ही सांचौर से पार्टी उम्मीदवार देवजी पटेल के खिलाफ लगातार विरोध का सामना करना पड़ रहा है।' सांचौर विधानसभा सीट से पटेल को मैदान में उतारने के पार्टी के फैसले के विरोध में जालोर के कुल 8 में से 6 मंडल अध्यक्षों द्वारा हाल ही में दिए गए इस्तीफे से स्थिति और भी खराब हो गई है।

गौरतलब है कि जोधपुर संभाग में छह जिले शामिल हैं, जिनमें 33 विधानसभा क्षेत्र हैं। भाजपा व सत्तारूढ़ कांग्रेस दोनों के पास 15-15 सीटें हैं। लेकिन दो निर्दलीय विधायकों के समर्थन से कांग्रेस का कुल जोड़ 17 सीटों का है। यहां भाजपा के सामने मौजूदा सीटों को बरकरार रखने के साथ-साथ कांग्रेस के कब्जे वाली 17 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कब्जे वाली एक सीट पर अपनी सेंध लगाने की चुनौती है।

# गुस्सा आपका राजे से, राजस्थान की जनता से धोखा क्यों ? : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अशोक गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को केंद्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिए जाने को लेकर केंद्र सरकार व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आलाकमान पर कटाक्ष करते हुए सोमवार को कहा कि ''आपका गुस्सा (पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा) राजे से है, आप राजस्थान की जनता से क्यों धोखा कर रहे हो?'' गहलोत ने ईआरसीपी जनजागरण अभियान की शुरुआत के लिए बारां में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

केंद्र सरकार द्वारा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,'' क्योंकि वसुंधरा राजे से इनकी बनती नहीं है... यह उनका खुद का घरेलू मामला है.. हम उस पर कुछ नहीं कहना चाहते। गुस्सा आपको वसुंधरा राजे पर है आप राजस्थान की जनता से धोखा क्यों कर रहे हो? उनके साथ आप क्यों धोखा कर रहे हो?'' गहलोत के इस कटाक्ष को पूर्व मुख्यमंत्री राजे व भाजपा आलाकमान के बीच 'कथित तनातनी' की अटकलों पर कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। राज्य में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं और सत्तारूढ़ कांग्रेस 13 जिलों को प्रभावित करने वाली ईआरसीपी को बड़ा

मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। इसके तहत उसने सोमवार को जन जागरण अभियान की शुरुआत की। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी अपने वादे से मुकरने का का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सभी 25 सांसद दिए इसके बावजूद 'उनको तकलीफ है।' मुख्यमंत्री ने कहा,''राजस्थान के साथ धोखा किया है प्रधानमंत्री मोदी जी ने, उनके सिपहसालारों ने।''

गहलोत ने कहा कि ईआरसीपी का काम पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में शुरू किया गया। इस परियोजना से दो लाख हेक्टेयर में सिंचाई होगी तथा 13 जिलों में पीने का पानी मिलेगा। गहलोत ने कहा,''हम पांच साल से इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार की जिद है कि इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करेंगे। यह मुद्दा पूर्वी राजस्थान में घर-घर में पहुंच गया है।'' परियोजना को क्रियान्वित करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की ओर इशारा करते हुए गहलोत ने कहा,''पहले इस परियोजना के लिए 9,000 करोड़ रुपये का बजट रखा था इस बार इसे बढ़ाकर 14,000 करोड़ रुपये कर दिया है।'

' कार्यक्रम में कांग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। हालांकि, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

# कुएं में जहरीली गैस से दम घुटने से दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के फलौदी के जांबा थाना क्षेत्र में एक कुएं की खुदाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से दो सगे भाई और उनके बहनोई की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी सुरेश सारण ने बताया कि देगाबड़ी गांव में खेती के कार्य के लिए 60 फुट गहरे कुएं की खुदाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से लक्ष्मण बावरी (25) उसके भाई रविदास बावरी (21) और बहनोई त्रिलोक (35) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कुएं में बोरिंग मशीन से गहराई का काम किया जा रहा था और जहरीली गैस से बेहोश होने पर लक्ष्मण बावरी कुएं में गिर गया उसके बाद त्रिलोक भी बेहोश होकर उसमें जा गिरा और दोनों को देखने गये रविदास सहित तीनों की दम घुटने से मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में दोनों भाइयों के पिता की ओर से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लोगों ने कांग्रेस की सरकार 'रिपीट' करने का मन बना लिया : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में काम में कोई कोताही नहीं बरती जिसकी वजह से जनता ने राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार 'रिपीट' करने का मन बना लिया है। गहलोत ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने पानी, बिजली, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुखता से काम किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने डेढ़ लाख किलोमीटर लंबी सड़कें बनवाई हैं और वह तीन लाख नौकरियां दे रही है।

उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि लोगों ने इस बार तय कर रखा है कि कांग्रेस की सरकार 'रिपीट' करनी है। यह मेरा मानना है जो मैं लोगों से मिले फीडबैक के आधार पर महसूस करता हूं। गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने काम करने में कोई कोताही नहीं बरती। उन्होंने कहा, हमने एक लाख संविदाकर्मियों की नौकरी का रास्ता खोला। पुरानी पेंशन योजना दी जिसकी चर्चा पूरे देश में है। हमने बेहतर प्रशासन दिया है।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को मिलेगा और उसकी फिर सरकार बनेगी। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा तथा मतगणना तीन दिसंबर को होगी। इसके साथ ही गहलोत ने कहा जनता उन तत्वों, भाजपा के बड़े बड़े नेताओं को चुनाव में सबक सिखाएगी जिन्होंने मेरी सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा था। उस प्रकरण को लेकर जनता का गुस्सा अभी गया नहीं है।

# कल आएगी कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 18 अक्टूबर को आ जाएगी।आपको बता दे की विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान के लिए 41 उम्मीदवारों की पहली सूची 9 अक्टूबर को जारी कर दी है। इसमें मध्य प्रदेश की तर्ज पर राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा समेत 7 सांसदों को मैदान में उतारा गया है।

इनमें राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दिया कुमारी, नरेंद्र कुमार, भागीरथ चौधरी, देवजी पटेल और बाबा बालक नाथ को मैदान में उतारा गया है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, विधानसभा में विपक्ष के उप नेता सतीश पूनिया, पूर्व उप राष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी का नाम इस सूची में नहीं है।




# राजस्थान में कांग्रेस की सरकार दुबारा बनी, तो 2024 में केंद्र में भी कांग्रेस आएगी : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार फिर बनी तो पार्टी 2024 में केंद्र में भी सत्ता में आएगी। राजस्थान में एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये भाषण का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा,प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां एक लाल डायरी मिली है। उन्होंने सवाल किया है कि उस लाल डायरी में क्या लिखा है,किन-किन घोटालों का जिक्र है? तो मैं बताऊं कि उस लाल डायरी में लिखा है कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी राजस्थान में फिर सरकार बनाएगी। उस डायरी में लिखा है कि राज्य में कांग्रेस फिर सत्ता में आएगी।

खरगे ने राज्य के 13 जिलों के पीने का पानी और सिंचाई की पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) जनजागरण अभियान की शुरुआत के लिए बारां में पार्टी की आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यहां (राजस्थान में) फिर से कांग्रेस आई, तो 2024 में दिल्ली (केंद्र) में भी पार्टी की सरकार आएगी। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव है।

खरगे ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राजस्थान की जनता ने राजग को 25 सांसद दिए लेकिन वे राज्य के लिए न पैसा ला सके, न पानी। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए खरगे ने कहा कि इतनी कल्याणकारी योजनाएं शायद ही किसी और राज्य में शुरू की गई होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने गरीबों के लिए अनेक कदम उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के जो भी काम हैं वे गरीबों के हित में हैं, चाहे वह मनरेगा हो या कोई और योजना। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने 21 लाख किसानों का 16000 करोड़ रुपए का कर्ज माफी कर दिया।

उनका कहना था कि यहां राजस्थान में शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू हो गई है तथा बिजली के बिल में राहत दी गयी है एवं उज्ज्वला सिलेंडर 500 रुपए में दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे।



## खरगे के आने से ईआरसीपी पूर्ण करने के संकल्प को मिलेगी नई शक्ति : गहलोत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आगमन से प्रदेश की महत्वपूर्ण पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के संकल्प को नई शक्ति मिलेगी। गहलोत ने खरगे के प्रदेश कांग्रेस के ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ के अवसर पर राजस्थान पहुंचने से पहले आज सुबह यह बात कही। उन्होंने कहा वीरों की धरती राजस्थान में खड़गे का सहृदय स्वागत है। आपके आगमन से हमारे ईआरसीपी पूर्ण करने के संकल्प को नई शक्ति प्राप्त होगी।

उन्होंने कहामहत्वाकांक्षी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के संकल्प के साथ आज बारां के डोल मेला मैदान में ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ करूंगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देकर वादाखिलाफी करने को लेकर दोपहर में बारां के डोल मेला मैदान में कांग्रेस के ईआरसीपी जन जागरण अभियान की शुरुआत होगी।



# दिया कुमारी ने गणेश मंदिर से प्रचार शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर की विद्याधरनगर सीट से भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के तारानगर में स्थित भगवान गणेश मंदिर में माथा टेककर चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश से जीत का आशीर्वाद लिया। इसके बाद दिया कुमारी ने अंबाबाड़ी स्थित अंबा माताजी मंदिर, ढेहर के बालाजी मंदिर, अंबाबाड़ी स्थित सियाराम बाबा की बगीची, पापड़ के हनुमान जी और भूतेश्वर महादेव मंदिर जाकर भी दर्शन किए।

इससे पहले दिया कुमारी लघु उद्योग भारती जयपुर प्रांत के उद्यमियों की बैठक में भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती एक महत्वपूर्ण संगठन है। इस संगठन ने लघु उद्यमियों को एकसूत्र में पिरोकर उन्हें राष्ट्रीय विचारधारा और मूल्यों को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान लघु उद्योग के पदाधिकारियों ने दिया कुमारी को चुनाव में सहयोग के लिए आश्वस्त किया।



# किरोड़ीलाल मीणा ने सवाई माधोपुर सीट को बताया टफ सीट

जयपुर/दक्षिण भारत। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को बीजेपी की ओर से विधानसभा चुनावों में सवाई माधोपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित करने के बाद सोमवार को पहली बार सवाई माधोपुर पहुंचे। यहां बीजेपी कार्यकर्ताओं मीणा का जोरदार स्वागत किया। सवाई माधोपुर पहुंचने के साथ ही डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा अपने समर्थकों और बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने त्रिनेत्र गणेश को ढोक लगाई और विधि-विधान से पूजा अर्चना कर चुनावों में जीत की कामना की। त्रिनेत्र गणेश मंदिर में हाजरी लगाने के बाद किरोड़ीलाल मीणा बजरिया स्थित गौतम आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने गौतम आश्रम में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और चुनाव कार्यालय में पूजा अर्चना के साथ भगवान गणेश की स्थापना की।

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन एवं गणेश स्थापना के बाद किरोड़ी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और जीत का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि अपने चुनावों के साथ ही पार्टी ने उन्हें राजस्थान की अन्य कई सीटों पर चुनाव जीताने की जिम्मेदारी सौंपी है। ऐसे में वे सवाई माधोपुर सीट पर अपना चुनाव प्रचार करने के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। डॉक्टर किरोड़ी ने कहा कि उनको चुनाव जीतने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ताओं की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिलीं असम के राज्यपाल कटारिया से

जयपुर/दक्षिण भारत। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रविवार को उदयपुर में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राज्य में 25 नवंबर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजे ने रविवार को उदयपुर में कटारिया के साथ लंबी चर्चा की।

बैठक के बाद राजे त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बांसवाड़ा रवाना हो गईं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक पूर्व निर्धारित नहीं थी।

यह मुलाकात मेवाड़ की राजनीति के लिए अहम मानी जा रही है। चार विधानसभा चुनावों में कटारिया का उदयपुर विधानसभा सीट पर दबदबा था। कटारिया के राज्यपाल बनने के बाद अब भाजपा इस सीट पर किसी मजबूत दावेदार को मैदान में उतारने की कोशिश कर रही है।

# केसीआर के परिवार के 'भ्रष्टाचार' की दिल्ली में भी चर्चा : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के शासन में राज्य में सत्ता का दुरुपयोग होने और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि केसीआर के परिवार के ''भ्रष्टाचार'' की चर्चा सिर्फ राज्य में ही नहीं, बल्कि दिल्ली में भी है। राव को केसीआर के नाम से भी जाना जाता है।



सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा विधायक एटाला राजेंद्र के हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र के जम्मीकुंटा में एक रैली को संबोधित करते हुए सवाल किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शासन में तेलंगाना ''विकास क्यों नहीं कर सका'', जबकि राज्य के लोग कुशल और मेहनती हैं। उन्होंने कहा, ''10 वर्ष में तेलंगाना का विकास न केवल सीमित हुआ है, बल्कि यह 'प्राइवेट लिमिटेड' बनकर रह गया है। केसीआर के परिवार का (सरकार में) हस्तक्षेप क्यों है? आपको लोगों ने मुख्यमंत्री बनाया है, आपके परिवार ने नहीं।''

सिंह ने कहा कि जब ''गुजरात और देश के अन्य राज्य नौ से 10 साल में विकसित हो सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ सकती'' है, तो केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना का ''विकास क्यों नहीं हुआ''।

उन्होंने दलितों को तीन एकड़ जमीन देने और उनके हर परिवार को 10-10 लाख रुपये का अनुदान देने के केसीआर के वादे का जिक्र करते हुए पूछा कि कितने लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना के लोगों की उपेक्षा की जा रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''केसीआर के शासन में सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है।'' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में महिलाओं को अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक 2029 या 2026 तक भी लागू हो सकता है।



## देवी दुर्गा से प्रार्थना करूंगा कि बंगाल में जल्द ही भ्रष्टाचार, अत्याचार खत्म हो : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर सोमवार को कहा कि वह देवी (दुर्गा) से प्रार्थना करेंगे कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और अत्याचार जल्द खत्म हो। शाह ने राजनीतिक विषयों में नहीं पड़ने पर जोर देते हुए, राज्य में राजनीतिक परिवर्तन होने तक अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने उत्तर कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर पर दुर्गा पूजा उत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा, ''मैं यहां राजनीति पर चर्चा करने नहीं आया हूं, लेकिन बंगाल आता रहूंगा और राज्य के (राजनीतिक) परिदृश्य में बदलाव होने तक अपनी लड़ाई जारी रखूंगा।''

गृह मंत्री ने कहा, ''मैं राज्य में यथाशीघ्र भ्रष्टाचार, अपराध और अत्याचार खत्म होने की प्रार्थना करूंगा।'' शाह ने पंडाल डिजाइन के लिए पूजा आयोजकों की सराहना की, जो अयोध्या के भव्य राम मंदिर की अनुकृति है। उन्होंने कहा, ''अयोध्या में राम मंदिर का जनवरी (2024) में उद्घाटन किया जाना है। कोलकाता के लोग इस दुर्गा पूजा पंडाल के जरिये मंदिर के उद्घाटन का जश्न पहले ही मना चुके हैं। मैं इस उल्लेखनीय प्रयास के लिए आप सभी को बधाई देता हूं।''

## पीएम ने लोगों और सांसदों को जोड़ने वाले 'नमो' ऐप के फीचर को सराहा



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने 'नमो' ऐप के एक फीचर पर प्रकाश डाला जो लोगों को उनके स्थानीय सांसदों से जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'नमो ऐप' में एक बहुत ही दिलचस्प खंड है जो हमारी लोकतांत्रिक भावना को आगे बढ़ाने में काफी अहम होगा। यह स्थानीय सांसद के साथ आपके जुड़ाव को गहरा करने का एक आसान तरीका प्रदान करेगा और सांसद के साथ जुड़ने की सुविधा देगा और आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने में भी मदद करेगा। यह फीचर भाजपा सांसदों द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्रों में की गई विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करता है और लोगों को उनसे जुड़ने की अनुमति देता है। मोदी ने कहा, दिलचस्प सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर जीवंत खेल प्रतियोगिताओं तक, सांसदों और उनके मतदाताओं के लिए जुड़ना आसान हो जाएगा।

## पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री मनप्रीत बादल को मिली अंतरिम जमानत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री मनप्रीत बादल को बठिंडा में कथित तौर पर संपत्ति खरीद में अनियमितता के मामले सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी। बादल ने चार अक्टूबर को बठिंडा की अदालत द्वारा अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। उनके वकील अर्शदीप सिंह चीमा ने बताया कि न्यायमूर्ति विकास बहल की अदालत ने बादल को जमानत दी। बादल अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हैं।

पंजाब के सतर्कता ब्यूरो ने बादल और पांच अन्य के खिलाफ मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। इससे पहले बठिंडा की अदालत ने बादल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ब्यूरो की कई टीम ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के कई स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी



लेकिन बादल को पकड़ने में असफल रहीं।

सतर्कता ब्यूरो ने मामले की जांच पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला द्वारा 2021 में की कई शिकायत के आधार पर शुरू की थी। सिंगला ने आरोप लगाया था कि बठिंडा के अहम इलाके में जमीन खरीदने में बादल ने कथित तौर पर अनियमितता बरती है।

भाजपा नेता सिंगला ने आरोप लगाया कि बादल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और दो व्यावसायिक भूखंडों को अपने लिए आवसीय भूखंड में तब्दील कर लिया। सिंगला पहले शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे।

## भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ पहला 'टू प्लस टू' विदेश एवं रक्षा संवाद

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और ब्रिटेन के बीच हुए पहले 'टू प्लस टू' विदेश और रक्षा संवाद में दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश, रक्षा, अहम प्रौद्योगिकी, नागरिक विमानन, स्वास्थ्य और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर हुए संवाद में दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और आतंकवाद रोधी समन्वय को आगे बढ़ाने की संभावना सहित अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी चर्चा की। वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर 'टू प्लस टू' संवाद, भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं पर चर्चा एवं समीक्षा की व्यवस्था है।

यह संवाद ऐसे समय हो रहा है जब दोनों पक्ष ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की इस महीने के अंत में भारत यात्रा की संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने ''आगे और समन्वय बढ़ाने की संभावना पर चर्चा की, खासतौर पर व्यापार एंव निवेश, रक्षा, अहम और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, नागर विमानन, स्वास्थ्य, ऊर्जा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंध मजबूत करने के क्षेत्र में।'' मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''अधिकारियों को हिंद-प्रशांत क्षेत्र सहित अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर अपने-अपने आकलन साझा करने का मौका मिला...उनका मुक्त, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को लेकर साझा दृष्टिकोण है।'' मंत्रालय ने बताया, ''उन्होंने आतंकवाद का मुकाबला करने, मानवीय सहायता और आपदा राहत एवं समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर विचार किया।''

## यह शर्मनाक है कि प्रधानमंत्री को मणिपुर से ज्यादा इजराइल की चिंता: राहुल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आइजोल/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर से ज्यादा इजराइल की घटनाओं से चिंतित हैं । मणिपुर में इस वर्ष मई से ही जातीय संघर्ष के कारण हिंसक घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस नेता गांधी ने शहर की सड़कों पर दो किलोमीटर की पदयात्रा के बाद आइजोल में राजभवन के नजदीक एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी मणिपुर अब एक संगठित राज्य नहीं रह गया है, बल्कि जातीय आधार पर दो राज्यों में बंट चुका है।

चुनावी राज्य मिजोरम की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे राहुल ने इस बात पर भी जोर दिया कि कांग्रेस ने 1986 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर करके उग्रवादी हिंसा से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाली का मार्ग प्रशस्त किया था। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजराइल में जो (इजरायल-हमास संघर्ष) हो रहा है उसमें इतनी ज्यादा दिलचस्पी है, लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है उसकी कतई कोई चिंता नहीं। मणिपुर में लोगों की हत्याएं की गईं, महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया और बच्चों को मार दिया गया।''

## ओडिशा: 50 लाख रुपये की कीमत की 'ब्राउन शुगर' जब्त, 1 गिरफ्तार

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के क्योंझर जिले में 50 लाख रुपये मूल्य की 'ब्राउन शुगर' (मादक पदाथ) जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए रविवार रात स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ क्योंझर शहर पुलिस थाना क्षेत्र में छापेमारी की और 37 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा जिसकी पहचान देबानंद सामल के रूप में हुई। एक एसटीएफ अधिकारी ने बताया कि उसके पास से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की 520 ग्राम 'ब्राउन शुगर' जब्त की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए क्योंझर पुलिस को सौंप दिया गया और स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 'किराये की कोख' कानून के लाभ से एकल और अविवाहित महिलाएं बाहर क्यों : उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा कि वह कानून के तहत 'किराये की कोख' (सरोगेसी) प्रक्रिया के लाभ के दायरे से एकल और अविवाहित महिलाओं को बाहर रखने पर स्पष्टीकरण दे। अदालत ने कहा कि सरोगेसी (विनियमन) कानून-2021 के तहत 'इच्छित महिला' (इन्टेन्डिंग वूमन) से आशय एक भारतीय महिला से है जो 'विधवा या तलाकशुदा' हो। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने सवाल किया कि इस प्रक्रिया के तहत आने के लिए महिला की पात्रता के साथ उसकी वैवाहिक स्थिति को जोड़ने के पीछे क्या तर्क है।

न्यायमूर्ति संजीव नरुला की सदस्यता वाली पीठ ने पूछा '' इच्छित महिला के लिए वैवाहिक स्थिति क्यों? यहां तक कि उसका (विधवा या तलाकशुदा) कोई वैवाहिक जीवन नहीं होता, फिर भी यह भेदभाव क्यों? '' इस पर केंद्र सरकार की वकील ने कहा कि वह इस सवाल पर निर्देश मांगेगी। 'राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग' (एनएमसी) की ओर से अदालत में पेश वकील टी सिंहदेव ने कहा कि वह भी इस मुद्दे पर गौर करेंगे। न्यायालय 44 वर्षीय एकल और अविवाहित महिला द्वारा अधिनियम की धारा 2(1)(एस) को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, क्योंकि यह धारा उसके जैसी महिलाओं को सरोगेसी प्रक्रिया के लाभ के दायरे से बाहर करती है। धारा केवल भारतीय विधवा या तलाकशुदा महिला को ही इसका लाभ उठाने की अनुमति देती है।




## पीएम मोदी ने नवीन पटनायक को दी जन्मदिन की बधाई, बीजद ने रक्तदान शिविर लगाये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सोमवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को उनके 77 वें जन्मदिन पर बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, '' ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक जी को उनके जन्मदिन पर मेरी बधाई। उन्हें दीर्घायु और निरोगी जीवन प्राप्त हो।'' पटनायक ने जन्मदिन पर बधाई देने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, आपका आभार।''

वैसे पटनायक इस बार अपना जन्मदिन नहीं मना रहे क्योंकि पिछले महीने उनकी बड़ी बहन गीता मेहता की हुई मृत्यु थी। लेकिन सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने उनके जन्मदिन पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण अभियान और रक्तदान शिविर समेत कई कार्यक्रम आयोजित किये। पटनायक ने अपने शुभेच्छुओं से इस मौके पर बधाई देने के लिए उनके 'नवीन निवास' पर नहीं आने का अनुरोध किया था, इसलिए कोई भी उन्हें बधाई देने नहीं पहुंचा। लेकिन 'एक्स' जैसे सोशल मीडिया मंच पर इस मौके पर मुख्यमंत्री को बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया था, '' पिछले महीने बड़ी बहन गीता मेहता के निधन के कारण मुख्यमंत्री ने इस साल जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है।'' ओडिशा के पांच बार के मुख्यमंत्री पटनायक ने पिछले साल भी अपना जन्मदिन नहीं मनाया था क्योंकि वह एक व्यापारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने हैदराबाद गये थे। उन्होंने 2020 में कोरोना वायरस महामारी की पहली लहर और 2021 में इस लहर के लौटने के चलते अपना जन्मदिन नहीं मनाया था।

## भाजपा की अनूठी पहल: अंगवस्त्रम् से बनी रंग बिरंगी पोशाकें बच्चियों को वितरित कीं

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेताओं को मिलने वाले अंगवस्त्रम् से बनी पोशाकों को सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के एक इलाके की बच्चियों को वितरित किया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। पार्टी ने बयान में बताया है कि भाजपा ने एक विशेष अभियान के तहत नेताओं को मिलने वाले अलग-अलग तरह के अंगवस्त्रम् को एकत्रित कर कन्याओं के लिए पोशाकें बनाने की पहल की है।

बयान के मुताबिक, दिल्ली प्रदेश भाजपा ने आनंद विहार सेवा बस्ती से तकरीबन आधा दर्जन महिलाओं को इस पहल के साथ जोड़ा है और इस तरह के अंगवस्त्रम् का इस्तेमाल कर बच्चियों के लिए पोशाकें तैयार कीं। उसमें कहा गया है कि इस पहल से जुड़ी महिलाओं को निर्धारित पारश्रमिक भी दिया जाएगा। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने बयान में कहा कि आमतौर पर नेताओं को रंग बिरंगे पटके पहनाकर या सिर पर साफ़ा बांधकर उनका सम्मान किया जाता है, लेकिन इसके बाद इन पटकों (अंगवस्त्रम्) के इस्तेमाल को लेकर अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई थी। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से ये विचार हमारे केन्द्रीय नेतृत्व के मन में आया कि क्यों न पटकों का इस्तेमाल कर बच्चियों के लिए रंग बिरंगी पोशाकें बनवाई जाएं।

## कांग्रेस ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवार घोषित किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आइजोल/नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 39 उम्मीदवार घोषित किए जिनमें पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ललसावता का नाम भी शामिल है।

पार्टी की ओर से उम्मीदवारों की सूची उस दिन जारी की गई जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मिजोरम के दौरे पर थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ललसावता को आइजोल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। आइजोल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले, आइजोल पश्चिम-1 से आर. ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के प्रमुख ललरेमरुता रेंथलेई ने बताया कि पार्टी की उम्मीदवारों की सूची मंगलवार को यहां प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय में औपचारिक रूप घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों की इस सूची में चार मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं। लूंगलेई दखिण सीट से उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने बताया कि भाजपा जल्द अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित करेगी।

## मेरे विधायक बेटे ने भाजपा अध्यक्ष को 'स्वविवेक से' पत्र लिखकर टिकट की दावेदारी वापस ली: विजयवर्गीय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में उतरे भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को कहा कि उनके विधायक बेटे आकाश विजयवर्गीय ने पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को ''स्वविवेक से'' पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इस बार उन्हें (आकाश को) टिकट दिए जाने पर विचार नहीं किया जाए। विजयवर्गीय (67) को इंदौर-1 सीट से पहले ही भाजपा उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। इसके बाद से ही अटकलें हैं कि इंदौर-3 सीट की विधानसभा में नुमाइंदगी करने वाले उनके 39 वर्षीय बेटे का चुनावी टिकट इस बार कट सकता है।फिलहाल इंदौर-3 से भाजपा ने अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है।

कैलाश विजयवर्गीय ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से कहा,''हमारे देश के प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) परिवारवाद के खिलाफ हैं। जैसे ही मुझे भाजपा ने चुनावी टिकट दिया, तो आकाश ने राष्ट्रीय अध्यक्ष (जे पी नड्डा) को पत्र लिख दिया कि चूंकि मुझे टिकट दिया गया है, तो उनके (आकाश के) टिकट पर विचार नहीं किया जाए।'' उन्होंने कहा,''यह तो उनके हृदय (आकाश के हृदय



की) विशालता है। आकाश ने मुझसे पूछे बगैर स्वविवेक से यह पत्र लिखा। मैं आकाश के इस कदम की तारीफ करूंगा।'' आकाश के समर्थकों द्वारा उन्हें मौजूदा विधानसभा चुनावों में इंदौर-3 से ही दोबारा टिकट देने की मांग पर विजयवर्गीय ने कहा कि यह मांग बताती है कि उनके बेटे इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा,''इंदौर-3 के लोग आज भी जब मुझसे मिलते हैं, तो पूछते हैं कि क्या वे आकाश को टिकट दिए जाने की मांग लेकर प्रधानमंत्री के पास जाएं? मैं इन लोगों से कहता हूं कि उन्हें ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि हम पार्टी का निर्णय शिरोधार्य करेंगे और जिस भी उम्मीदवार को इंदौर-3 से टिकट मिलेगा, उसके लिए काम करेंगे।''

यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनावी चेहरा घोषित नहीं करके दरकिनार कर दिया है, विजयवर्गीय ने जवाब दिया,''चौहान से मेरी पुरानी मित्रता है, पर मध्यप्रदेश समेत विधानसभा चुनाव वाले पांचों राज्यों में रणनीति तय की गई है कि हम भाजपा संगठन के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। इस रणनीति पर सवाल खड़ा करने का कोई कारण ही नहीं है।''


चौहान की परंपरागत बुधनी सीट से कांग्रेस ने एक टीवी धारावाहिक में भगवान हनुमान का किरदार निभाने वाले विक्रम मस्ताल को बतौर उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारा है। इस बारे में प्रतिक्रिया मांगे जाने पर विजयवर्गीय ने कहा,''हम तो हनुमान के असली भक्त हैं और हमें तो उन पर विश्वास है।'' कांग्रेस की पहली सूची के 144 उम्मीदवारों को ''फ्यूज बल्बों की लड़ी'' बताते हुए भाजपा महासचिव ने तंज कसते हुए कहा,फ्यूज बल्बों की लड़ी तमाम प्रयासों के बावजूद नहीं जलती है।''

## रोनाल्डिन्हो ने कोलकाता पहुंचकर दुर्गा पूजा त्योहार में बिखेरी चमक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** ब्राजील के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो ने फुटबॉल की दीवानगी के लिए मशहूर इस शहर में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के कुछ पंडालों का उद्घाटन करने के साथ बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। दुर्गा पूजा के पंडालों का उद्घाटन आम तौर पर त्योहार के छठे दिन होता है लेकिन दो दिन के दौरे पर यहां आये रोनाल्डिन्हो की मौजूदगी में यह काम दूसरे दिन ही हो गया।

रोनाल्डिन्हो इस दौरान जहां भी गये वहां प्रशंसकों ने बार्सिलोना और एसी मिलान के इस स्टार खिलाड़ी का स्वागत 'रोनाल्डिन्हो-रोनाल्डिन्हो , ब्राजील-ब्राजील' के नारों से किया। इस 43 साल के पूर्व खिलाड़ी ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा 'आप सब का बहुत शुक्रिया, बहुत सारा प्यार।'' उन्होंने दिन की शुरुआत 'आर10 अकादमी के



उद्घाटन से करने के बाद डिजनीलैंड पर आधारित एक पंडाल का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल का निरीक्षण किया और उत्सुकता के साथ दुर्गा पूजा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इसके बाद अर्जेंटीना के दिग्गज डियेगो माराडोना को श्रद्धांजलि दी और फिर ममता बनर्जी से मिलने उनके आधिकारिक आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ यहां शहर के तीनों बड़े फुटबॉल क्लब मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।इस मुलाकात के बाद वह कुछ और पंडालों के उद्घाटन के लिए पहुंचे।

## सुविचार

**जिंदगी को हमेशा मुस्कुराकर गुजारो, क्योंकि तुम यह नहीं जानते कि, यह कितनी बाकी है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कौनसा दांव चलेंगे नवाज?

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान में देश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने का खाका प्रस्तुत करने संबंधी घोषणा हास्यास्पद है। उनके पास ऐसी कौनसी जादू की छड़ी है, जो कंगाली के कगार पर खड़े पाक को सोने की चिड़िया बना देंगे? नवाज भी इस तथ्य से परिचित हैं कि पाक की बदहाली का मर्ज उनकी दवाइयों से ठीक नहीं होने वाला, लेकिन इस बहाने उन्हें अपनी ब्रांडिंग का मौका मिल जाएगा। नवाज पाकिस्तान की राजनीति के घाघ खिलाड़ी हैं। उन्हें मालूम है कि कब कौनसा दांव चलना है। वे जनरल ज़िया-उल हक़ के दौर से अपनी सियासत चमका रहे हैं। बीच में मुशर्रफ का तख्ता पलट भी देखा, निर्वासित हुए। दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद जेलयात्रा की। फिर अदालत से राहत पाते हुए विदेश निकल गए। इस बीच इमरान खान की कुर्सी चली गई तो नवाज के छोटे भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बन गए। अभी कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल हक काकड़ हैं, लेकिन वे लोकप्रियता के मामले में नवाज के सामने कहीं नहीं टिकते। क्या नवाज शरीफ एक बार फिर पाकिस्तान में अपनी सियासी पारी का आगाज करने जा रहे हैं? वास्तव में उनके विदेश में रहने के दौरान भाई और बेटी सरकार चलाते रहे, लेकिन उन्हें जब भी कोई सलाह लेनी होती तो तुरंत फ्लाइट पकड़ते। इसलिए नवाज पाक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर न होकर भी पर्दे के पीछे से शासन संभालते रहे। हालांकि यह पाकिस्तानी फौज के आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। अब नवाज स्वदेश लौट रहे हैं तो इसके लिए उन्हें फौज ने हरी झंडी दिखाई है। इस बात का भरोसा दिलाया है कि पुराने मुकदमों में कोई सख्ती नहीं बरती जाएगी। फौज के लिए नवाज एक मजबूरी भी हैं। चूंकि उसने उनके मुकाबले में इमरान ख़ान को इस उम्मीद के साथ खड़ा किया था कि वे 'जी हुजूरी' करेंगे। इमरान को यह भ्रम हो गया था कि उनका कद सेना प्रमुख के कद से बड़ा हो गया है। इसका खामियाजा उन्होंने कुर्सी गंवाकर भुगता और जेल गए।

अब पाकिस्तान की सियासत में एक खालीपन आ गया है। फौज चाहती है कि इमरान को सत्ता से दूर रखा जाए, जिन्होंने उसे 'धोखा' दिया। जरदारी की पार्टी पीपीपी में ऐसा कोई चेहरा नहीं है, जिसके नाम पर पूरे पाकिस्तान में वोट मिल सकें। बिलावल के पास खास अनुभव नहीं है। फौज उनके कद में तुरंत कोई इजाफा नहीं करना चाहती। शहबाज शरीफ और मरियम नवाज पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता जरूर हैं, लेकिन उनके पास वह करिश्मा नहीं कि लोग उन्हें सत्ता सौंपना चाहें। इसलिए आखिर में नवाज ही बचते हैं। अगर फौज उन्हें नहीं लाएगी तो किसे लाएगी? इस समय पाकिस्तान भयंकर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पेट्रोल और डॉलर के भाव आसमान छू रहे हैं। हाल में कुछ राहत जरूर दी गई, लेकिन वह नाकाफी है। खाद्यान्न संकट फिर मंडराने की आशंका है। आतंकवादी हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे माहौल में फौज चाहती है कि नवाज शरीफ न केवल पाकिस्तान आएं, बल्कि जनता को यह दिलासा भी दें कि इन समस्याओं का समाधान उनके पास है। निस्संदेह नवाज शरीफ का शासन आदर्श नहीं था। आर्थिक समस्याएं तब भी थीं, लेकिन हालात इतने ज्यादा ख़राब नहीं थे। अर्थव्यवस्था किसी तरह चल रही थी, लोगों को रोटी मिल रही थी। जब इमरान कुर्सी पर बैठे, उन्होंने नए-नए प्रयोग कर अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार दिया था। खाद्यान्न की कीमतें एकदम से बढ़ गई थीं। इस्लामाबाद, कराची जैसे शहरों में दस-दस घंटे बिजली कटौती होने लगी थी। नवाज के बारे में आम पाकिस्तानियों में यह धारणा है कि वे बड़ी-बड़ी क्रांतिकारी बातें नहीं करते, उन्होंने अतीत में खूब घपले-घोटाले किए, लेकिन किसी भी तरह से शासन चला लेंगे, लोगों को रोटी मिलती रहेगी। नवाज जानते हैं कि पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली दूर करना बहुत मुश्किल है। चूंकि राजस्व का बड़ा हिस्सा तो रक्षा बजट में चला जाता है। आतंकवाद की फंडिंग, भ्रष्टाचार, विदेशी कर्जों की अदायगी के बाद इतनी रकम नहीं बचती कि विकास कार्य किए जा सकें। फिर भी नवाज जनता को खुशहाली के सब्ज़-बाग़ दिखाएंगे, क्योंकि ऐसा करना उनकी मजबूरी है और वे खुद भी फौज के लिए मजबूरी हैं।

## ट्वीटर टॉक



कांग्रेस पार्टी को वादे करने की कला में महारत हासिल है और अब यह पार्टी एक कदम आगे बढ़कर वादों के बदले में गारंटी देने लगी है। कर्नाटक में कतिपय ठेकेदारों के घरों से हाल ही में 100 करोड़ से अधिक की नकदी मिलने का खुलासा हुआ है जो बेहद शर्मनाक है।

**-जेपी नड्डा**



राजस्थान में एक भी दिन ऐसा नहीं बीतता जिस दिन अखबारों में कांग्रेस के कुशासन और जंगलराज का काला चिट्ठा न हो! ये सिर्फ खबरें नहीं हैं, विगत 5 वर्षों में गहलोत सरकार द्वारा फैलाए अराजकता की दास्तान है जिससे अब राजस्थान की जनता मुक्ति चाहती है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



किसान के हल को जल से बल देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे की गरिमामयी उपस्थिति में ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया। बारां ने पुष्पहार व जयकार के बीच नई जलधार की हुंकार का प्रसार किया।

**-मल्लिकार्जुन खरगे**

## प्रेरक प्रसंग

### श्रद्धा और विश्वास

एक बहुत ही पढ़े लिखे सूट, बूट, टाई में रहने वाले बाबूजी थे। वे बाबूजी हमेशा अंग्रेजी में ही बात किया करते थे चाहे किसी को डाटना हो, या प्यार करना। आशीर्वाद भी अंग्रेजी में दिया करते थे। उनका एक लड़का था सोनू, वह एक दिन अचानक बीमार पड़ गया, बाबूजी परेशान हो गए डॉक्टरों को बुलवाया, वैद्य हकिम, भी आये सबने दवाई दी परन्तु उनका लड़का सोनू फिर भी ठीक न हुआ और उसकी बीमारी बढ़ती ही गयी। फिर एक दिन एक साधु बाबा आये, उन्होंने बाबूजी जी को कहा की भगवान में प्रसाद और सिंदूर वगरा कुछ सामान चढ़ा दो, तो आपका लड़का ठीक हो जायेगा। इतने में बाबू जी ने कहा की मुझे पत्थर वगरा पर यकीन नहीं है। फीर भी तुम कहते हो और मेरे बेटे के बीमारी का सवाल है तो ठीक है मै यह कर लूंगा। एसा बोल कर बाबूजी बेटे के ठीक होने के लालच में इतना कर आये। परन्तु सोनू की बीमारी वैसे की वैसी थी कोई सुधार नहीं हो रहा था। और सवेरे गुस्से से साधु बाबा के पास गए और बोले की मेरा बेटा ठीक नहीं हुआ उसकी तबियत अभी भी वैसी की वैसी है। साधु बाबा बोले लाओ मुझे सिंदूर, प्रसाद दो फीर साधु बाबा ने पूजा अर्चना की और पूजा का सिंदूर लेकर लड़के के सर पर लगाया।

## सामयिक

# भारत में निर्मित होने लगे हैं रोजगार के करोड़ों अवसर

प्रहलाद सबनानी
मोबाइल : 9987949940




भारतीय सनातन संस्कृति के बारे में विवेचन करते हुए, भारत में रचित वेद, पुराण एवं परम्पराओं के अनुसार, राजा का यह कर्तव्य माना गया है कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध हो, राजा ऐसी व्यवस्था करे। जब तक भारतीय सनातन संस्कृति का भारत में पालन होता रहा, तब तक लगभग समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध होता रहा। प्राचीन भारत में विशेष रूप से गावों में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध रहते थे एवं शहरों की ओर पलायन भी बहुत कम होता था। बेरोजगारी की समस्या के बारे में तो भारत के प्राचीन शास्त्रों में वर्णन ही नहीं मिलता है। समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध रहता था एवं वे अपने परिवार के समस्त सदस्यों का भरण पोषण करने में सक्षम रहते थे एवं परिवार के समस्त सदस्यों के साथ प्रसन्नत्ता एवं उत्साह के साथ रहते थे। जब कि आज की परिस्थितियों के बीच, वैश्विक स्तर पर, बेरोजगारी की समस्या एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर रही है।

भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए भारत आज आर्थिक प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था पूरे विश्व की लगभग सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। वर्ष 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें स्थान पर थी जो आज 5वें स्थान पर पहुंच गई है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति को देखते हुए अब उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2027-28 के पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी एवं यह अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगी। भारत में केंद्र सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि न केवल देश की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़े बल्कि भारत में युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हों। इस दृष्टि से भारत में अब अच्छी खबर आई है। भारत में अगस्त 2023 माह में 46.21 करोड़ नागरिकों को रोजगार मिला हुआ था जबकि

**भारत में आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में यदि रोजगार के नए अवसर अधिक मात्रा में निर्मित हो रहे हैं तो यह एक बहुत अच्छा सुधार है। इसी प्रकार, भारत में पुरुषों के बीच यदि बेरोजगारी की दर काफी कम हो रही है तो भारतीय महिलाओं को श्रम बाजार में उतरना ही होगा, और ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है, अतः यह भी एक उत्तम सुधार है।**

अगस्त 2022 में 43.02 करोड़ नागरिकों को ही रोजगार प्राप्त था, इस प्रकार एक वर्ष के दौरान 3.19 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा वर्ष 2017 के बाद से प्रतिवर्ष देश में (जुलाई-जून वार्षिक अवधि के बीच) श्रम शक्ति सर्वेक्षण, यह जानने के लिए किया जाता है कि भारत के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी एवं रोजगार की कैसी स्थिति है। हाल ही में जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के बीच यह सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न हुआ है। इस सम्बंध में जारी किए गए प्रतिवेदन में भारत में रोजगार की स्थिति के बारे में कई अच्छे तथ्य उभरकर सामने आए हैं।

भारत में 15 वर्ष एवं इससे अधिक की आयु वाले नागरिकों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी की दर में लगातार अतुलनीय रूप से सुधार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम शक्ति भागीदारी की दर वर्ष 2017-18 में 50.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 60.8 प्रतिशत हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वर्ष 2017-18 में 47.6 प्रतिशत से बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार, भारत में 15 वर्ष एवं अधिक की आयु के नागरिकों के बीच कर्मचारी जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है।

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारी जनसंख्या अनुपात वर्ष 2017-18 के 48.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 59.4 प्रतिशत हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात वर्ष 2017-18 के 43.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 47.7 प्रतिशत हो गया है। पुरुषों के बीच यह अनुपात वर्ष 2017-18 के 71.2 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 76 प्रतिशत हो गया है और महिलाओं में यह अनुपात वर्ष 2017-18 के 22 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गया है। जब देश में श्रम शक्ति भागीदारी की दर एवं कर्मचारी जनसंख्या अनुपात में लगातार सुधार दिखाई दे रहा है तो स्वाभाविक रूप से भारत में बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

भारत में आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में यदि रोजगार के नए अवसर अधिक मात्रा में निर्मित हो रहे हैं तो यह एक बहुत अच्छा सुधार है। इसी प्रकार, भारत में पुरुषों के बीच यदि बेरोजगारी की दर काफी कम हो रही है तो भारतीय महिलाओं को श्रम बाजार में उतरना ही होगा, और ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है, अतः यह भी एक उत्तम सुधार है।

भारत में महिला शक्ति यदि श्रम बाजार में उतरती है तो भारत में मजदूरी की दरों को भी संतुलित रखा जा सकता है जिससे उत्पादों की लागत में तेज वृद्धि को रोका जा सकेगा और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समत तक प्रतिस्पर्धी बने रह सकेंगे।

## मुद्दा

# मुफ्त रेवड़ियां कराएंगी वैतरणी पार?

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों को विश्वास है की उन्होंने चुनाव से पहले घोषणाओं की जो झड़ी लगाई है उससे प्रभावित होकर मतदाता उनकी सरकार को रिपीट करेगी। विशेषकर महिलाओं के कल्याण के लिए जो कार्य किये है वे बेमिसाल है। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने महिलाओं को मुफ्त मोबाइल बांट कर महिला मतदाताओं लुभाने का प्रयास किया है ताकि बड़ी संख्या में आधी आबादी के वोटों से झोली भरी जा सके। गहलोत सरकार ने महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना 2023 की शुरुआत की है। इस योजना के तहत राजस्थान की 1 करोड़ 35 लाख महिलाओं को फेज वाइज में स्मार्टफोन प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ राजस्थान सरकार की ओर से तीन वर्ष तक फ्री इंटरनेट कनेक्टिविटी भी दिया जा रहा है। अब तक इस योजना से 2381340 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के जरिये महिलाओं लो साधने का प्रयास किया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2023 मार्च में लाडली बहना योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना का लाभ करोड़ो महिलाओ के द्वारा उठाया जा रहा है। लाडली बहना योजना का लाभ गरीब लड़कियों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मदद देने के लिए की गई है। सरकार ने प्रत्येक लाभार्थी को 1250 रुपये मासिक प्रदान करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने ऐलान किया है की लाड़ली बहना योजना की राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये कर देंगे।

आश्चर्य तो इस बात का है की दोनों ही प्रदेशों के मुख्यमंत्री दावा कर रहे है की उनके राज्य में एंटी इंकम्बेंसी का कोई प्रभाव नहीं है। हालाँकि एंटी इंकम्बेंसी है या नहीं यह जनता जनार्दन तय करती है। मुफ्त रेवड़ी बाँट कर एंटी इंकम्बेंसी को रोका नहीं जा सकता। दोनों ही राज्यों में मुफ्त रेवड़ी बाँटने का कार्य युद्धस्तर पर किया गया है। यह देखा गया है कुछ सालों से देश की चुनावी राजनीति में मुफ्त बिजली-पानी मुफ्त राशन आदि आदि अनेक तरह की घोषणाओं का चलन बढ़ गया है। विशेषकर चुनाव आते ही वोटर्स को लुभाने का सिलसिला शुरू हो जाता है । इससे नया शब्द चर्चा में आ गया जिसे रेवड़ी कल्चर नाम दिया गया है। राजस्थान और मध्यप्रदेश इसके ज्वलंत उदाहरण है। मुफ्त का मिल जाये तो उसका जी भर उपयोग करना। इसे रेवड़ी कल्चर भी कहते है। ये मुफ्त की नहीं है अपितु जनता के खून पसीनें की कमाई है जो राजनीतिक दलों और सरकारों द्वारा दी जा रही है ताकि चुनाव की बेतरणी आसानी से पार की जा सके। हाल फिलहाल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों से पहले सरकारें जबरदस्त पैसे उड़ा रही हैं। अब इसी को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में सरकारें चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांट रही है। इन पर रोक लगाई जाए। इसे लेकर अब सुप्रीम कोर्ट ने एमपी, राजस्थान और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग तथा भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया गया है कि दोनों राज्य की सरकारें मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए करदाताओं के पैसों का दुरुपयोग कर रही हैं।

## विशेष

# अंत:शुद्धि का महापर्व है नवरात्रि

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।

नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने



धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं। नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुत: नवरात्र अंत:शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कांग्रेस केवल लूट की गारंटी दे सकती है: नड्डा

**नई दिल्ली/भाषा**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस केवल ''लूट की गारंटी'' दे सकती है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार के जरिए धन एकत्र करने की खातिर कर्नाटक को 'एटीएम' में बदल रही है ताकि अपने चुनाव प्रचार के लिए धन जुटा सके।

नड्डा ने कर्नाटक में विभिन्न जांच एजेंसी की छापेमारी में कुछ ठेकेदारों के पास से 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि कथित रूप से मिलने का हवाला देते हुए कहा कि यह शर्मनाक और मतदाताओं के साथ घिनौना मजाक है।नड्डा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह कांग्रेस के भ्रष्ट 'डीएनए' का महज एक छोटा सा नमूना है। उन्होंने तत्कालीन भाजपा सरकार में ठेकेदारों को भारी कमीशन देने पर मजबूर किए जाने संबंधी आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस समर्थित यही ठेकेदार कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के खिलाफ झूठ परोसने में सक्रिय थे। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस सरकारों ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान को भी भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया है और वह तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश को भी ऐसा ही एटीएम बनाकर जनता की गाढ़ी कमाई लूटना चाहती है।''नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मध्यप्रदेश और तेलंगाना में सत्ता में आने के सपने इसलिए पाल रही है ताकि वह गरीबों के कल्याण और प्रदेश के विकास का पैसा लूट सके। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस केवल लूट की ही गारंटी दे सकती है।''

कांग्रेस चुनावों में विशिष्ट कल्याणकारी कदम उठाने की गारंटी देने का वादा कर रही है और इन्हीं चुनावी वादों की मदद से उसने कर्नाटक के चुनाव में सफलता हासिल की। नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को वादे करने की कला में महारत हासिल है और अब यह पार्टी एक कदम आगे बढ़कर वादों के बदले में गारंटी देने लगी है।

भाजपा प्रमुख ने दावा किया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद कर्नाटक में बेतहाशा भ्रष्टाचार बढ़ा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार की गारंटी है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने कर्नाटक में एक ठेकेदार, उसके बेटे, एक जिम प्रशिक्षक और एक वास्तुकार सहित कई लोगों से जुड़े परिसरों पर छापे मारकर बड़ी नकद राशि बरामद की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी कांग्रेस पर इस मुद्दे को लेकर निशाना साधा और कहा कि राहुल गांधी 'तपस्वी की तरह मौन साधने' के बजाय इस बारे में 'कुछ कहें'। उन्होंने कहा, ''यह शर्मनाक, अपमानजनक और निंदनीय है। यह कांग्रेस कैश(नकदी)के लिए है, कांग्रेस करप्शन (भ्रष्टाचार) के लिए है।''

## उद्घाटन



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना के सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग का उद्घाटन करते हुए।

# 'मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन' एक 'अद्भुत ऐतिहासिक कृति' : शेख हसीना

**नई दिल्ली/भाषा**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के जीवन पर बनी फिल्म 'मुजीब – द मेकिंग ऑफ ए नेशन' को एक 'अद्भुत ऐतिहासिक कृति' बताते हुए इसके निर्देशक श्याम बेनेगल और उनकी टीम की सराहना की है।

यह फिल्म बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान के जीवन की कहानी है, जिन्हें प्यार से 'बंगबंधु'नाम से जाना जाता था।

शेख मुजीबुर रहमान की बेटी और देश की प्रधानमंत्री हसीना ने हाल ही में यह फिल्म देखी और कहा कि वह फिल्म के निर्माणसे जुड़े कलाकारों के प्रयासों से बेहद कृतज्ञ महसूस कर रही हैं।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) द्वारा सोमवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, '' इस फिल्म को बनाने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। विशेषकर श्री श्याम बेनेगल और उनकी टीम तथा सभी कलाकारों को। सभी ने बहुत मेहनत की। मैं वास्तव में फिल्म से प्रभावित हूं। दरअसल, मेरे पास आप सभी का आभार व्यक्त करने के लिए ज्यादा शब्द नहीं हैं... यह फिल्म एक अद्भुत ऐतिहासिक कृति है।''

'मुजीब – द मेकिंग ऑफ ए नेशन' फिल्म का निर्माण बांग्लादेश फिल्म विकास निगम (बीएफडीसी) और भारत के एनएफडीसी द्वारा किया गया है।

# निक्की हेली ने गाजा के नागरिकों के लिए दरवाजे बंद करने पर इस्लामिक देशों की निंदा की

**वाशिंगटन/भाषा**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से दावेदार निक्की हेली ने इजराइल की ओर से गाजा में जमीनी कार्रवाई की आशंका के बीच वहां से पलायन करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की इच्छा रखने वालों के लिए अपने देश के दरवाजे नहीं खोलने के लिए इस्लामिक देशों की निंदा की है।

हेली ने पूर्व में ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते के लिए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की,साथ ही तेहरान पर हमास और हिज्बुल्ला को मजबूत करने का आरोप लगाया। उन्होंने रविवार को सीएनएन से कहा, '' हमें फलस्तीनी लोगों की चिंता करनी चाहिए, खासतौर पर निर्दोष लोगों की, लेकिन अरब देश कहां हैं? कहां हैं वे? कहां है कतर? कहां है लेबनान? कहां है जॉर्डन? कहां है मिस्र ? क्या आप जानते हैं कि हम मिस्र को एक वर्ष में एक अरब से अधिक डॉलर देते हैं? वे अपने दरवाजे क्यों नहीं खोल रहे? वे फलस्तीन के लोगों को क्यों नहीं स्वीकार रहे?''

हेली ने कहा, ''जनते हैं क्यों? क्योंकि वे हमास को अपने पड़ोस में नहीं चाहते। तो इजराइल अपने पड़ोस में उन्हें क्यों चाहेगा? तो जो हो रहा है उस पर सच्चाई से बात करें। अरब देश फलस्तीनियों की मदद के लिए कुछ नहीं कर रहे क्योंकि उन्हें भरोसा नहीं हो रहा कि कौन सही है, कौन अच्छा है, कौन बुरा है और वे अपने देश में ऐसा नहीं चाहते।'' हेली ने कहा कि ये इस्लामिक देश अमेरिका पर आरोप लगाएंगे। उन्होंने कहा, '' वे आएंगे और अमेरिका पर आरोप लगाएंगे,वे इजराइल पर आरोप लगाएंगे। कुछ करेंगे नहीं, लेकिन अगर वे चाहें तो इसे रोकने की उनके पास पूरी क्षमता है। उनके पास क्षमता है कि वे हमास से तत्काल उसे रोकने को कहें जो वह कर रहा है।''

# मीनार-ए-पाकिस्तान की सभा में देश को आर्थिक संकट से उबारने की योजना प्रस्तुत करेंगे नवाज शरीफ

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान के स्व-निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को पंजाब प्रांत की राजधानी में अपनी सभा के दौरान नकदी संकट से जूझ रहे देश के सामने आर्थिक संकट से बाहर निकलने का खाका प्रस्तुत करेंगे। सोमवार को एक खबर में यह यह जानकारी दी गयी। 'डॉन न्यूज' की खबर के अनुसार लाहौर जिला प्रशासन ने रविवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी को मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा करने की अनुमति दे दी। मुस्तफाबाद में पीएमएल-एन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी उपाध्यक्ष हमजा शहबाज ने कहा कि इस सप्ताह के आखिर में उनके शीर्ष नेता की वापसी के बाद पाकिस्तान प्रगति और समृद्धि की ओर अपनी यात्रा फिर शुरू करेगा।नवाज शरीफ के भतीजे हमजा शहबाज ने कहा, ''मीनार-ए-पाकिस्तान में अपने भाषण में नवाज शरीफ देश को आर्थिक संकट से बाहर निकलने का रोडमैप देंगे।'' उन्होंने कहा कि पीएमएल-एन और उसके सहयोगियों ने अपनी राजनीतिक पूंजी को जोखिम में डालकर देश को बचाया था। हमजा ने कहा, अगर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ कोई समझौता नहीं होता, तो पाकिस्तान दिवालिया हो गया होता।


# कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज की तारीख आगे बढ़ी

**मुंबई/भाषा**



अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि उनके कार्यक्रम में बदलाव के कारण उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज अगले साल के लिए स्थगित कर दी गई है। फिल्म पहले 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन कंगना ने ही किया है। कंगना ने अपने आधिकारिक 'एक्स' एकाउन्ट पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, 'हमने 'इमरजेंसी' को 24 नवंबर 2023 को रिलीज करने की घोषणा की थी, लेकिन मेरी एक के बाद एक फिल्मों के रिलीज होने की वजह से हमने फिल्म को अगले साल (2024 में) रिलीज करने का निर्णय लिया है।' उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि रिलीज की नयी तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

'इमरजेंसी' भारत के राजनीतिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर पर आधारित एक फिल्म है, जिसमें कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमण, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक अहम भूमिका में दिखाई देंगे। 'पिंक' फिल्म के लिए मशहूर रितेश शाह ने 'इमरजेंसी' की पटकथा और संवाद लिखे हैं।



# शिल्पी राज और श्वेता माहरा का गाना भावनी के भजन रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री श्वेता माहरा का भजन भावनी के भजन रिलीज हो गया है। भावनी के भजन गाना शिल्पी राज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल शिल्पी राज एंटरटेनमेंट से रिलीज हुआ है।शिल्पी राज ने इस गाने को आवाज दी है और इसके म्यूजिक वीडियो में वह श्वेता माहरा के साथ झूमती नजर आ रही हैं। शिल्पी राज ने इस गाने के जरिए देवी मां के भक्तों से कहा है कि जब कुछ भी समझ ना आए और जब कोई सहारा ना हो, तब मां भवानी का भजन कर लीजिए। आपके सारे कष्ट दूर हो जाएंगे और सारे रास्ते खुल जाएंगे।

इस गाने को लेकर शिल्पी राज ने बताया कि मां भवानी जगत जननी और मानवता के कल्याण की प्रतिमूर्ति हैं। हम हमने खूब सुना है कि शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां भवानी अपने भक्तों की पीड़ा को दूर करती है। उनके उलझन को सुलझाती हैं, यदि उनका स्मरण पूरी श्रद्धा और तन्मयता से की जाए। इस चीज को हमने अपने गीत में पिरोकर आपके सामने प्रस्तुत किया है।

उम्मीद करती हूं कि आपको पसंद आएगी और आप मेरे हर गाने की तरह इसे भी खूब प्यार और आशीर्वाद देकर बाद बनाएंगे। भावनी के भजन के गीतकार विजय चौहान हैं। संगीतकार छोटू रावत हैं। डीओपी राहुल यादव और सुनील गुप्ता हैं। कोरियोग्राफी सैंडी ने की है। वीडियो निर्देशक नयन मौर्य हैं।

# खुशाली कुमार ने स्टारफिश की शूटिंग पूरी की

**मुंबई/वार्ता**

अभिनेत्री खुशाली कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म स्टारफिश की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म स्टारफ़िश अखिलेश जयसवाल द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और ऑलमाइटी मोशन पिक्चर द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में मिलिंद सोमन,एहान भट्ट ,तुषार खन्ना के साथ खुशाली कुमार मुख्य भूमिका में हैं।खुशाली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग के आखिरी दिन की बीटीएस पिक्चर साँझा की।



खुशाली कुमार ने फिल्म और अपने किरदार के बारे में कहा,मैं बस इतना कह सकती हूं कि मेरी पिछली फ़िल्मों की तुलना में यह सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार रहा है क्योंकि इसने मुझे विशेष रूप से फिज़िकलि और इमोशनली चुनौती दी थी। एक तैराक के रूप में मुझे अपनी सर्वश्रेष्ठ एथलेटिक क्षमताओं का प्रदर्शन करना था और पानी के अंदर भी अपने चरित्र को बरकरार रखना था।यह फिल्म 24 नवंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# फिल्म 'टाइगर-3' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिल्म 'टाइगर 3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म टाइगर 3 के ट्रेलर की शुरुआत होती है, बाइक पर सवार होकर टाइगर उर्फ रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर के दमदार एक्शन के साथ, जहां वो अपने देश की सुरक्षा के लिए दुश्मन पर घातक वार करते हुए नजर आ रहे हैं। आगे ट्रेलर में दिखाया गया है कि टाइगर को वीक करने के लिए उनके दुश्मन उनकी सबसे बड़ी कमजोरी पर वार करने की कोशिश करते हैं।

टाइगर से बदला लेने पर उतारू इमरान हाशमी कैसे टाइगर से अपने परिवार की मौत का बदला लेकर उनके परिवार जोया और उनके बेटे पर निशाना साधता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि टाइगर उर्फ सलमान खान पाकिस्तान में इमरान हाशमी के चंगुल में फंसे हुए हैं। टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं।

फिल्म टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की मुख्य भूमिका है। टाइगर 3 इस साल दीवाली के मौके पर हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी।



# फिल्म 'कांतारा' की याद दिलाता है प्रज्वल देवराज के आगामी प्रोजेक्ट 'पीडी40' का भव्य पोस्टर

**नई दिल्ली/एजेन्सी**

अपनी 40वीं फिल्म को चिह्नित करने के लिए कन्नड़ स्टार प्रज्वल देवराज की आगामी परियोजना 'पीडी40' ने एक बड़ा पोस्टर जारी किया है, जो भव्य दिखता है। पोस्टर का शीर्षक 'पीडी40' है, इसमें एक बैल को कीचड़ में रौंदते हुए दिखाया गया है, जिसके ऊपर कुछ खून के छींटे आ रहे हैं। 'सिक्सर' अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, जब सपने टूटते हैं, तो प्रकृति लचीलेपन के रहस्य फुसफुसाती है।

पूरे 'कंतारा' अंदाज में प्रज्वल बैल के ठीक सामने खड़े दिखाई देते है। इस दौरान वह एक साधारण शर्ट और धोती पहने हुए हैं। जानवर के नीचे से कुछ रोशनी चमकने के साथ, उनका किरदार बैल पर अपनी उंगली रख रहा है। बिल्कुल वास्तविक दिखने वाले बैल को देखकर ऐसा लगता है, जैसे यह या तो कंबाला नामक वार्षिक बैल दौड़ का हिस्सा है, या जल्लीकट्टू नामक खेल का हिस्सा है। इस समय कहानी का विवरण उपलब्ध नहीं है, हालांकि अगर पोस्टर के आधार पर देखा जाए तो निर्देशक ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा' की तरह यह भी शायद कर्नाटक के ग्रामीण तटीय इलाके में हो रहा है, जहां यह लोकगीत, नाटक और नाटकीयता को जोड़ता है।

फिल्म का निर्देशन और निर्माण 'अंबी निंग वायसायथो' फिल्म निर्माता गुरुदत्त गनिगा द्वारा किया गया है। इसे अभिनेता द्वारा पहले किए गए कामों से बहुत अलग माना जा रहा है। प्रज्वल को पिछली बार कन्नड़ फिल्मों 'वीरम' और 'तत्सम तद्भव' में देखा गया था। वह वर्तमान में 'माफिया' और 'गण' फिल्मों में नजर आ रहे हैं। वहीं 'पीडी40' के लिए आधिकारिक शीर्षक की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# हैवी वर्कआउट कर रही सामंथा रुथ प्रभु

**चेन्नई/एजेन्सी**



लोकप्रिय तमिल-तेलुगु एक्ट्रेस समंथा रुथ प्रभु अपनी फिटनेस रुटीन से कॉम्प्रोमाइज नहीं करती हैं, चाहे वह बीमारी हो या दर्द। मायोसिटिस डायग्नोसिस के चलते होने वाले दर्द के बावजूद, एक्ट्रेस ने रविवार को मुश्किल वर्कआउट किया। अपनी बॉडी को स्ट्रेच किया। 'ईगा' फेम एक्ट्रेस समंथा फिटनेस फ्रीक हैं। वह अक्सर मुश्किल वर्कआउट करती हैं, जिनमें कार्डियो, रस्सी पर चढ़ना, वजन उठाना, स्ट्रेचिंग और बहुत कुछ शामिल हैं। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दर्द से जूझते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। खुद को अपने कंफर्ट जोन से बाहर लाते हुए और आगे बढ़ते हुए एक्ट्रेस ने स्ट्रेचिंग की। उन्होंने पिंक क्रॉप्ड स्पोटर्स वियर पहना हुआ था।

अपने बालों का जूड़ा बनाकर और जीरो मेकअप के साथ, सामंथा अपने पीछे कई अन्य जिम इक्विपमेंट के साथ एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि वह मायोसिटिस से पीड़ित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें भयानक दर्द होता है और हाथ-पैर और मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, साथ ही बहुत अधिक थकान भी होती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्ट्रेस को हाल ही में फिल्म 'शकुंतलम' और 'खुशी' में देखा गया था। इसके अलावा, एक्ट्रेस की 2024 में फिल्म 'चेन्नई डायरीज' रिलीज होगी, जिसमें वह स्पाई-थ्रिलर शो 'सिटाडेल' के भारतीय समकक्ष में बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ एक्टिंग करती दिखाई देंगी।

# मैं संगीत के जरिए लोगों का मनोरंजन करने में भरोसा करती हूं : ऊषा उत्थुप

**कोलकाता/भाषा**



पॉप गायिका ऊषा उत्थुप का कहना है कि वह संगीत के जरिए लोगों का मनोरंजन करने में भरोसा करती हैं। 'रम्भा हो' जैसे बेहतरीन गीतों से छह दशक से भी अधिक समय से संगीत प्रेमियों का मनोरंजन कर रहीं उत्थुप ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ऐसा गीत बनाना और उसे गाना सबसे मुश्किल काम है, जो हर उम्र के लोगों को पसंद आए। उत्थुप (75) ने कहा, ''मैं लोगों के लिए गाती हूं। मैं चाहती हूं कि लोग इस साल मेरे नए गीत 'दिल सांबा' को सुनें और गुनगुनाएं। उत्थुप ने युवा संगीतकार सौमोजीत सरकार द्वारा रचित और निर्मित गीत के लिए अपनी आवाज दी है। उनका मानना है कि एक ऐसा जटिल गीत लिखना आसान है जिससे चुनिंदा लोगों का समूह जुड़ाव महसूस करता हो। उन्होंने कहा, ''कुछ चुनिंदा लोगों के समूह द्वारा समझ आने वाले जटिल गीत के बजाय एक सरल गीत बनाना कहीं अधिक मुश्किल काम है।

''उत्थुप ने कहा, ''यह केवल मेरी राय है और मुझे भरोसा है कि हर कोई इससे सहमत होगा। 'कोलकाता, कोलकाता, डोंट वरी कोलकाता' या 'प्रेम जेगेछे अमर मोने' जैसे गीतों को ही ले लीजिए। इनका संगीत सरल है, जिन्हें सुनते ही पैर थिरकने लगते हैं।''

उन्होंने कहा, ''दिमाग में हमेशा यह बात रखना महत्वपूर्ण होता है कि आप किन श्रोताओं के लिए गीत बना रहे हैं।'' उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर के गीत 'जदि तोर डाक शुने केउ ना आसे' का उदाहरण देते हुए कहा, ''देखिए, गुरुदेव ने इसे कितना सरल तरीके से लिखा।''

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के सच्चियाय माता जैन संघ के तत्वावधान में भव्य मंदिर निर्माण योजना के सहयोगार्थ एक विशाल भक्ति भजन संध्या 'एक शाम मां तेरे मंदिर के नाम' का आयोजन रविवार को पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस श्राईन सभागार में रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत खूश्बू द्वारा गणेश वन्दना से की गई।

### अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विद्या गणपति गलियारा बलगा द्वारा अग्रहारा दासरहली में आयोजित गणेश उत्सव में मुख्य अतिथि महेन्द्र मुणोत ने पूजा कर अन्नदान की शुरुआत की। इस मौके पर आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।



# भोजपुरी सेवा समिति छठ पूजा आयोजन की तैयारियों में जुटी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के इन्द्रिरानगर स्थित भोजपुरी समाज सेवा समिति के कार्यालय में छठ पूजा आयोजन से संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्थापक अध्यक्ष संजयसिंह उज्जैन ने बताया कि संस्था आस्टिन टाऊन स्थित नंदन फुटबॉल ग्राउंड में 19 एवं 20 नवंबर को भव्य छठ पूजा समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस बैठक में व्रतियों के लिए विभिन्न सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक में गरीब परिवारों को छठ पूजा हेतु धन भी मुहैया कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नहाय खाय 17 नवंबर को, खरना 18 को, संध्या अर्घ्य 19 को एवं सुबह का अर्घ्य 20 को होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष छठ घाट को पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना अधिक बड़ा बनाया जाएगा तथा घाटों पर रोशनी का भरपूर बंदोबस्त किया जाएगा।

बैठक में अमरेंद्र ओझा को छठ पूजा कमेटी का अध्यक्ष एवं रामाशंकर सिंह को सहअध्यक्ष मनोनीत किया गया। चन्द्रशेखर सिंह को पूजा कमेटी में कोषाध्यक्ष तथा शशिभूषण झा को व्यवस्था प्रभारी बनाया गया। महामंत्री राकेश पटेल को छठ घाट के सजावट की, विमल पांडेय एवं सुनील कुमार को सुरक्षा की, उपाध्यक्ष जितेन्द्रमोहन सिंह, एलपी सिंह एवं मृत्युंजय कुमार को मंच के व्यवस्था की, संजय शर्मा, नवीन कुमार, एसपी सिंह, नीरजकुमार सिंह, कालिंदी झा,सुनीता पांडेय, इंदू सिंह को घाट व्यवस्था की ज़िम्मेदारी दी गई। समिति के कोषाध्यक्ष जेबी सिह एवं मीडिया प्रभारी अजय सिंह ने नए सदस्यों का सम्मान किया।






# सच्चियाय माता की भजन संध्या में गूंजे माता रानी के जयकारे

## ■ बाबूलाल रांका परिवार द्वारा मन्दिर के मॉडल का हुआ अनावरण
## ■ संघ ने जारी की मंदिर निर्माण की विभिन्न योजनाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सच्चियाय माता जैन संघ के तत्वावधान में भव्य मंदिर निर्माण योजना के सहयोगार्थ एक विशाल भक्ति भजन संध्या 'एक शाम मां तेरे मंदिर के नाम' का आयोजन रविवार को पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस श्राईन सभागार में रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत खूश्बू द्वारा गणेश वन्दना से की गई। मंगलाचरण ललिता गुलेच्छा, कमला भन्साली और सूरज गुलेच्छा द्वारा किया गया। अध्यक्ष तेजराज गुलेच्छा ने सभी माताजी के भक्तों का स्वागत करते हुए कहा कि शीघ्र ही मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है जो की तय 30 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। मैसूर रोड पर बनने जा रहा यह मंदिर लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र बनेगा। भूमिदान एवं मन्दिर परिसर निर्माण योजना का आगाज़ करते हुए तेजराज गुलेच्छा ने कहा कि इस योजना में माता के प्रत्येक भक्त अपना सहयोग प्रदान कर सकते है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में कर्नाटक सरकार के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी भजन संध्या में शामिल हुए।

भक्ति संध्या में बालोतरा से आए हुए भजन गायक वैभव बाघमार ने भक्ति की



रमझट मचाई जिसमें विशेषकर चौसठ जोगणी रे, नाचे माता रे दरबार और आवण पड़ेला थाने आवणो पड़ेला जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। पूरा सभागार मातारानी के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। महामंत्री अरुण भन्साली ने सभी प्रायोजकों व लाभार्थियों का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि माता जी के मंदिर के निर्माण योजना शुरू की जा रही है तथा सभी मां भक्तों से सहयोग का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष कुशलराज गुलेच्छा ने बताया कि भूमिदान और मन्दिर निर्माण योजना में 'मां तेरा तुझको अर्पण' की भावना से भजन संध्या में 5,000 वर्ग फीट जगह का लाभ भक्तों द्वारा लिया गया है। साथ ही सभी भक्तों ने भी मंदिर निर्माण के तन, मन, धन से सहयोग देने की पहल की। मंदिर निर्मार के लाभार्थी बाबूलाल रांका परिवार द्वारा मन्दिर के मॉडल का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम का पारस चैनल पर लाइव प्रसारण किया गया। मंच संचालन मीठालाल पावेचा ने योजना की जानकारी दी। मन्दिर निर्माण के लाभार्थी बाबूलाल रांका परिवार का सम्मान तेजराज गुलेच्छा, राजेन्द्र दांतेवाडिया, अशोक चोरड़िया, रणजीतमल कानूंगो और अशोक रांका ने किया। कार्यक्रम के लाभार्थी गौतमचंद उत्तमचन्द संचेती परिवार का सम्मान रोशन बाफना, भंवरलाल गादिया, अरुण भन्साली, लक्ष्मणपारेख और माणकचन्द गुलेच्छा ने तथा हनुमानमल संजयकुमार बैद परिवार का सम्मान जगदीश चौधरी, कांतिलाल गादिया, अनिल गादिया और तेजराज मालानी ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में रमेश बाफना, अमित मेहता के साथ अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। भक्ति संध्या में ट्रस्टी, सच्चियाय माता युवक मंडल और महिला मंडल का सक्रिय सहयोग रहा।

# कोठारी परिवार ने किया नवदिवसीय तीर्थ यात्रा संघ का आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। अनेक प्राचीन तीर्थों के दर्शन वन्दन करने हेतु सौ से अधिक यात्रियों का नव दिवसीय राजशाही हवाई यात्रा संघ का प्रयाण गुरुवार को हुआ। विजयलक्ष्मी कोठारी के द्वितीय वर्षीतप की तपस्या के उपलक्ष्य में कमलादेवी माणकचन्द कोठारी परिवार के अरविन्दकुमार, अजितकुमार, राजेंद्रकुमार कोठारी परिवार ने इस यात्रा का आयोजन किया।



इस यात्रा में शेरीसा, भोयणी, उधरोज, शंखेश्वर, चूली तारंगा धाम, गिरनार, सोमनाथ, प्रभास पाटन, केन्द्र शासित प्रदेश द्वीप, अजाहरा पार्श्वनाथ, महुआ जैसे अति प्राचीन और प्रभावशाली तीर्थों की यात्रा सम्पन्न हुई, इसके अलावा पालीताणा, हस्तगिरी, कदम्बगिरी, शत्रुंजय नदी, मणिलक्ष्मी, स्टेचू ऑफ यूनिटी की यात्रा आगामी दिनों में होगी। आयोजक अरविन्द कोठारी ने कहा कि जिनशासन की ऐतिहासिक अमूल्य सम्पदा को आने वाली पीढ़ी के लिए सहेज कर रखने की आवश्यकता है।





# घट व त्रिशूल स्तंभ स्थापना से आशापुरा माता मंदिर में शुरु हुआ नवरात्रि महोत्सव

## देवी देवताओं को अर्पण किए गए भोग व आभूषण / मंदिर धाम में लगा माता के भक्तों का मेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के कगलीपुरा स्थित आशापुरा माताजी धाम में त्रिशूल स्तंभ स्थापना एवं 54 परिवारों द्वारा आरती महोत्सव का आयोजन किया गया। नवरात्रि के पहले माता मंदिर में सुबह 1008 गोले की ज्योत प्रज्वलित की गई। अहमदाबाद से आए 21 पंडितों द्वारा 108 अखंड दीपक, घट स्थापना, गौ पूजन, देव देवी पूजन करते हुए शतचंडी पाठ का प्रारंभ किया जो कि नवरात्रि के नौ दिनों तक चलेगा। घट स्थापना के बाद भेरूलाल हस्तीमल भंडारी द्वारा मंदिर में आशापुरा माताजी, खेतलाजी व रिद्धि सिद्धि विनायकजी को 108 भोग के साथ ही प्रतिमाओं के लिए मुकुट, कुंडल,



नेकलेस, हार अर्पण किए गए। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में त्रिशूल प्रतिष्ठापन करने से पहले विशेष 36 औषधियों व द्रव्यों से बनाए मिश्रण को 36 बड़े कलश में रखकर उनकी शोभायात्रा निकाली गई। केसरिया धाम के प्रांगण से यह सामैया प्रारंभ हुआ और माता मंदिर आया। लाभार्थियों ने तीनों देवी देवताओं को भोग व आभूषण अर्पण किए। 108 गोले की ज्योत ली गई। लाभार्थियों ने विशेष द्रव्य से त्रिशूल स्तंभ का अभिषेक किया तथा शाम को शुभ मुहूर्त में त्रिशूल स्तंभ की प्राण प्रतिष्ठा करते हुए प्रतिष्ठापन किया गया।

नवरात्रि के पहले दिन शाम को कर्नाटक के लोककलाकारों व वाद्ययंत्रों की ध्वनि के साथ 54 परिवारों ने अलग अलग मंच पर परिवार सहित खड़े होकर श्री विनायकजी की पंच दीपक से आरती की, बादाम व गोले से ज्योत ली। खेतलाजी की आरती की उसके पश्चात आशापुरा माताजी की 51 दीपकों द्वारा विशेष आरती का दृश्य आलौकिक था। आरती का दृश्य वाराणसी के गंगा आरती जैसे लग रहा था। इस मौके पर बड़ी संख्या में माता भक्त व संघ के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रुप से माताजी व नवस्थापित त्रिशूल स्तंभ की आरती की। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माताजी की पूजा की व दर्शन का लाभ लिया। कार्यक्रम में ट्रस्ट मंडल, ट्रस्टीगण, युवा मंडल एवं महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

### कविता


## एक युद्ध ने..

युद्ध ने सुबह को साँझ कर दिया है,
असंख्य चीखों से भर दिया है,
पक्षियों की ध्वनियाँ शांत हो चुकी हैं,
बच्चों ने अपना बचपन खो दिया है,
एक युद्ध ने दूसरे युद्ध का बीज बो दिया है !

बमों ने पर्वतों को रेतीला कर दिया है,
मिसाइलों ने अब शहर भर दिया है,
अट्टालिकाएं ध्वस्त हो चुकी हैं,
जवानियों ने अपना यौवन खो दिया है,
एक युद्ध ने दूसरे युद्ध का बीज बो दिया है !

पीप, माँस, खून ने मरियल कर दिया है,
नभ चीरते प्रकाश ने डर भर दिया है,
वसुधा अस्त व्यस्त हो चुकी है,
सयानों ने अपना अमन खो दिया है,
एक युद्ध ने दूसरे युद्ध का बीज बो दिया है !

युद्ध ने चन्दन विटप को कीकर कर दिया है,
देह के खंडों ने नगर दुर्गन्ध से भर दिया है,
मानवता समूल नष्ट हो चुकी है,
कुछ पीढ़ियों ने अपना चमन खो दिया है,
एक युद्ध ने दूसरे युद्ध का बीज बो दिया है !



आनंद दाधीच 'दधीचि'
9686683677

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### मानवसेवा

तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के सदस्यों ने कामसन्द्रा गांव में स्थित स्पूर्तिधाम आश्रम में कमलाबाई भंडारी परिवार के सौजन्य से मानव सेवा कार्य किया। तेयुप के अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने बताया कि आश्रम में निवासित 30 वरिष्ठजनों व 9 निराश्रित बच्चों को जरुरत की राशन सामग्री भेंट की गई। इस मौके पर राजेश देरासरिया, जयंतीलाल गांधी, अरविंद कोठारी, सेवा सारथी के संयोजक मुकेश भंडारी एवं सह-संयोजक विक्रम बोहरा ने मानव सेवा में सहयोग दिया ।



# केआरएस रोड मैसूरु बडेर में शुरु हुआ नवरात्रि महोत्सव

मैसूरु। यहां के केआरएस रोड स्थित श्री आईमाता जी मंदिर के प्रांगण में सोमवार के दिन नवरात्रि के उपलक्ष्य पर कथावाचक बालयोगी संतश्री मनोज कुमार के सान्निध्य में घट स्थापना की गई। शाम को महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से डांडिया रास किया गया । रात्रि को भजन संध्या में बालयोगी संत, एमके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# जरुरतमंद साधर्मिक परिवारों को दी गई अल्पसंख्यक योजनाओं की जानकारी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जीतो केकेजी जोन की अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की संयोजिका कविता जैन की अध्यक्षता में मागड़ी रोड स्थित मेहता बिल्डिंग में साधर्मिक परिवारों की बैठक बुलाई गई जिसमें जीतो एपेक्स अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सचिव रजनीश शाह व कोषाध्यक्ष भावेश जैन ने उपस्थित सभी परिवार सदस्यों को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यकों के लिए केन्द्र



सरकार द्वारा लागू विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित 50 साधर्मिक परिवारों को उन्होंने ऑनलाइन तरीके से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों के लिए एक लिंक भेजा जिसमें केंद्र की स्कॉलरशिप योजना का लाभ उठाने की जानकारी शामिल थी। प्रशिक्षकों ने बताया कि जरुरतमंद 20-20 लोगों का एक समूह मनाया जाए तथा उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वह समूह लघु उद्योग के लिए सरकार की योजना सुविधा व सब्सिडी ले सके। संयोजिका कविता जैन इस लघु उद्योग लोन योजना की विस्तार से जानकारी दी। कविता ने दोनों प्रशिक्षकों को धन्यवाद दिया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com